इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना,नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने)
गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -177 | राजनांदगांव, मंगलवार 14 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## मुंबई में आंधी-तूफान के साथ बारिश बनी आफत, होर्डिंग गिरने से 8 लोगों की मौत, 59 अन्य घायल; उड़ान सेवा भी प्रभावित

मुंबई। मुंबई में सोमवार को भारी बारिश के दौरान एक विशाल बिलबोर्ड गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई, 61 घायल हो गए और 30 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है। बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने बताया कि हमें घाटकोपर में गिरे उस होर्डिंग के नीचे 20-30 और लोगों के फंसे होने की आशंका है। घटना में कुल आठ लोगों की मौत हो गई। बचाव जारी है।



मुंबई और पड़ोसी महानगरीय इलाकों के कुछ हिस्सों में सोमवार को बारिश और तेज हवाएं चलीं, जिससे मेट्रो और लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) मुंबई ने ठाणे, पालघर और मुंबई के लिए बिजली गिरने और मध्यम से तीव्र बारिश के साथ तूफान की भविष्यवाणी करते हुए 'नाउकास्ट चेतावनी' जारी की है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, अगले 3-4 घंटों में मुंबई में अलग-अलग स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज़ हवाओं के साथ बिजली गिरने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।÷ मेट्रो रेल के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेज हवाओं के कारण बिजली के तार पर एक बैनर गिरने के बाद आरे और अंधेरी ईस्ट मेट्रो स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवाएं निलंबित कर दी गईं। एक अधिकारी ने बताया कि तेज हवाओं के कारण ठाणे और मुलुंड स्टेशनों के बीच एक ओवरहेड उपकरण का खंभा झुक जाने से मध्य रेलवे पर उपनगरीय सेवाएं प्रभावित हुईं। मध्य रेलवे के मुख्य प्रवक्ता ने कहा, 'मेन लाइन पर उपनगरीय सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। जहां बेमौसम बारिश से चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं ठाणे जिले के कलवा और कुछ अन्य इलाकों में बिजली गुल होने की सूचना मिली है।'

वहीं, मुंबई में आंधी के साथ बेमौसम बारिश के चलते हवाई अड्डे पर उड़ान परिचालन एक घंटे के लिए निलंबित कर दिया गया। लोकल ट्रेन का परिचालन भी प्रभावित हुआ है। घाटकोपर इलाके में छेड़ा नगर जंक्शन स्थित एक पेट्रोल पंप पर 100 फुट लंबा होर्डिंग गिरने से 35 लोग घायल हो गए और कई लोग इसके भीतर फंस गए। मुंबई हवाई अड्डा संचालक ने कहा कि कम से कम 15 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। रनवे पर परिचालन शाम 5.03 बजे फिर से शुरू हो गया। एक बयान में कहा गया, ''शहर में खराब मौसम और आंधी के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर कम दृश्यता और तेज हवाओं के कारण करीब 66 मिनट के लिए उड़ान परिचालन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।''

### पेड़ गिरने से ऑटो चालक घायल

मुंबई के जोगेश्वरी मेघवाड़ी नाका इलाके में तेज हवा के कारण एक पेड़ उखड़ गया। जिसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि ऑटोरिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा कुछ जगहों पर पेड़ गिरने की घटनाएं भी सामने आईं। दादर, कुर्ला, माहिम, घाटकोपर, मुलुंड और विक्रोली के उपनगरों में तेज हवाओं के साथ बारिश देखी गई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चौथे चरण में लोकसभा की 96 सीटों पर मतदान 63.18 प्रतिशत

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को 10 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 63.18 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों और ओडिशा विधानसभा के पहले चरण के चुनाव में 28 सीटों पर मतदान कराया गया। चुनाव आयोग द्वारा शाम साढ़े आठ बजे तक उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार इन दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव में क्रमशः 68.20 और 64.23 प्रतिशत मतदान हुआ।



सुबह सात शुरू हुआ और शाम छह बजे तक चला। कुछ स्थानों पर मतदान का समय शाम सात बजे तक बढ़ाया गया था। आयोग के सूत्रों ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट सहित कई निर्वाचन क्षेत्रों के कुछ मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गयीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत से मतदाता अपनी परम्परागत वेशभूषाओं में देखे गये। चौथे चरण में सर्वाधिक 76.08 प्रतिशत मतदान पश्चिम बंगाल में हुआ जबकि आंध्रप्रदेश में 68.20 ,बिहार में 56.12 प्रतिशत,झारखंड में 64.30, मध्यप्रदेश में 70.35 प्रतिशत महाराष्ट्र में 53.06, ओडिशा में 64.23, तेलंगाना 61.69, उत्तर प्रदेश में 58.02 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 रद्द किये जाने के बाद हो रहे पहले चुनाव में श्रीनगर सीट पर 37 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

चौथे चरण का मतदान संपन्न होने के साथ ही 543 सदस्यीय निर्वाचन क्षेत्रों में 379 पर मतदान की प्रक्रिया हो चुकी है। चौथे चरण के चुनाव में लोकसभा की 96 सीटों पर कुल 1717 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं, इनमें तेलंगाना में हैदराबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी की माधवी लता का मुकाबला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'तब तक तो खत्म हो जाएंगे चुनाव...', केजरीवाल का हवाला देकर सिब्बल ने सोरेन मांगी जमानत; SC ने यह दलील सुनते ही दे दी यह तारीख

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने से झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी उम्मीदें जग गई हैं। हेमंत सोरेन की ओर से भी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल के मामले में दिये गए आदेश का हवाला देते हुए चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगी गई। हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई की मांग कर रहे वकील कपिल सिब्बल से कोर्ट ने कहा कि दूसरे पक्ष को सुने बगैर आदेश नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया और सिब्बल के अनुरोध पर मामले को 17 मई को फिर सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया।



### मनी लांड्रिंग के आरोप में हेमंत सोरेन 31 जनवरी को हुए गिरफ्तार

ईडी ने जमीन घोटाले से जुड़े मामले में मनी लांड्रिंग के आरोप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन तभी से हिरासत में है। झारखंड हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका गत तीन मई को खारिज कर दी थी। सोरेन ने हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है साथ ही याचिका पर सुनवाई होने तक चुनाव को देखते हुए अंतरिम जमानत मांगी है। मामले में सोमवार को न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता ने सुनवाई की। संयोग से यह वही पीठ है जिसने केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

### 'याचिका पर ईडी को जारी कर रहे हैं नोटिस'

कोर्ट ने कहा कि वह याचिका पर ईडी को नोटिस जारी कर रहे हैं। पीठ ने सोरेन के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि वह मामले पर गर्मी की छुट्टियों के बाद जुलाई में सुनवाई चाहते हैं या फिर गर्मी की छुट्टियों में चाहते हैं। सिब्बल ने कहा कि तब तक तो चुनाव खत्म हो जाएंगे। उनका केस भी अरविंद केजरीवाल के मामले में दिये गए आदेश में कवर होता है इसलिए कोर्ट उन्हें भी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे। पीठ ने कहा कि वह मामले को 20 मई को सुनवाई पर लगा रहे हैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी का निधन, एम्स में चल रहा था कैंसर का ईलाज

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी का निधन हो गया. बिहार के वरिष्ठ बीजेपी नेताओं में सुशील मोदी एक थे. वह 72 वर्ष के थे और कैंसर से पीड़ित थे. बिहार के मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने ङ्ग पर पोस्ट करके उनके निधन की जानकारी दी, साथ ही दुख भी जताया. उन्होंने लिखा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद श्री सुशील कुमार मोदी जी के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि. यह बिहार भाजपा के लिए अपूरणीय क्षति है.



### खुद दी थी कैंसर होने की जानकारी

बता दें कि, सुशील मोदी को बीते छह महीने से कैंसर था. खुद को कैंसर होने की जानकारी उन्होंने अपने एक एक्स पोस्ट में 3 अप्रैल को दी थी. उनके निधन की जानकारी बिहार के मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने दी. सुशील कुमार मोदी का जन्म 5 जनवरी 1952 को बिहार की राजधानी पटना में हुआ था. उनके पिता मोती लाल मोदी और माता का नाम रत्ना देवी था. उन्होंने पत्नी जेस्सी सुशील मोदी ईसाई धर्म से हैं और प्रोफेसर हैं. उनके दो बेटे हैं जिनमें एक का नाम उत्कर्ष तथागत और दूसरे का नाम अक्षय अमृतांक्षु है.

### पहली बार 1990 में चुने गए विधायक

सुशील कुमार मोदी ने पटना साइंस कॉलेज से बॉटनी विषय से ग्रेजुएशन किया था. वह पहली बार 1990 में बिहार विधानसभा के लिए विधायक चुने गए थे. इसके बाद 1995 और 2000 में भी विधायक चुने गए. वह लगातार तीन बार विधायक रहे.

## 'अगर बिजली समस्या नहीं सुधरी तो सभी को सस्पेंड कर दूंगा'; शांत स्वभाव के सीएम साय ने शेयर किया वो किस्सा..



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय अपने शांत और गंभीर स्वभाव के लिये जाने जाते हैं। सीएम हाउस में सोमवार को बीजेपी मीडिया विभाग के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रम में हाल ही का एक किस्सा को शेयर करते हुए सीएम साय ने कहा कि जनता की समस्या का निवारण नहीं होने पर वो क्रोधित हो जाते हैं। हाल ही में एक जिले में बिजली समस्या ठीक न होने पर उन्होंने सभी अधिकारियों को सस्पेंड करने की चेतावनी दी थी। कार्यक्रम में प्रवक्ताओं के सुझाव पर साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ एक बड़ी मुहिम छेड़ी है। कुछ सालों में छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करना है ताकि छत्तीसगढ़ का संपूर्ण विकास हो सके।

सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपार संभावनाएं हैं। नक्सल समस्या से मुक्ति पर छत्तीसगढ़ पर्यटन का तेजी से विकास होगा। हम गांव गांव तक सुविधा केंद्र खोल रहे हैं, जिससे सरकार की योजनाएं प्राथमिकता से वहां पहुंच सके। प्रवक्ताओं ने इस दौरान कृषि, नक्सल, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट सहित कई मुद्दों पर सुझाव रखे।

विधानसभा और लोकसभा चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्यमंत्री ने भाजपा मीडिया विभाग को बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा चुनावो में विपरीत परिस्थितियों में भी मीडिया विभाग पूरी तरह सक्रिय रहा। लोकसभा चुनावो में भी सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए मैं सभी को बधाई। आज सभी से मिलकर बहुत अच्छा लग रहा है। आपमें से 90 प्रतिशत को को नाम से जानता हूं, लगातार आप लोगों को टीवी पर देखता भी हूं सभी ने बहुत अच्छा काम किया है।

### अब छत्तीसगढ़ में विकास होने से कोई नही रोक सकता

उपमुख्यमंत्री विषय शर्मा ने साय की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को कार्य करने की बहुत स्वतंत्रता दी है, जिससे सभी पूरे जोश के साथ कार्य कर रहे हैं। आगामी कई योजनाओं के बारे में भी जानकारी साझा की और कहा अब छत्तीसगढ़ में विकास होने से कोई नही रोक सकता विकास में रुकावट लाने वाली हर बाधा को दूर करेंगे।

## विशेष अदालत ने एच. डी. रेवन्ना को दी जमानत

बेंगलुरु। कर्नाटक में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए विशेष अदालत ने एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अपहरण के आरोपी जनता दल (सेक्यूलर) नेता एवं होलेनरसीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत का यह निर्णय कथित अपहरण से जुड़े एक मामले के मद्देनजर आया है, जो उनके बेटे एवं हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों से जुड़ा है। अदालत ने चार मई से गिरफ्तार जद(एस) विधायक को बड़ी राहत देते हुए पांच लाख रुपये की जमानत राशि पर श्री रेवन्ना को जमानत दे दी।



इसी अदालत ने पहले अपहरण मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मामले की जांच के लिए कर्नाटक सरकार की ओर से नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) ने नौ मई को विशेष अदालत को बताया कि प्रज्वल के यौन उत्पीड़न का शिकार हुई महिला को श्री रेवन्ना के इशारे पर अगवा किया गया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## काशी में मोदी के रोड शो में हर हर महादेव की गूंज

वाराणसी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से नामांकन की पूर्व संध्या पर सोमवार को रोड शो निकाला। महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुआ वाराणसी के सांसद नरेंद्र मोदी का रोड शो विकास रथ पर निकला, जिस पर मोदी संग महाराज योगी आदित्यनाथ व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सवार रहे। मोदी-योगी की जोड़ी का मैजिक समूची वाराणसी में दिखा। इस बीच हर हर महादेव और जयश्रीराम की जयकारे जम कर लगे।



शाम पांच बजे काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सिंह द्वार पर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना रोड शो प्रारंभ किया। लगभग ढाई घण्टे से अधिक का रोड शो काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर समाप्त हुआ। पूरे रोड शो के दौरान उनके विजय रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सवार रहे। एक तरफ रोड शो में जहां लघु भारत और उत्तर प्रदेश की संस्कृतियों की झलक दिखी, वहीं पांच किलोमीटर लंबे इस रोड शो में शंखनाद, डमरू का निनाद, रास्ते में बने मंचों पर राम दरबार, शिव परिवार का स्वरूप दिखाते कलाकारों ने अपने-अपने रंग से अपने मोदी का स्वागत किया। लगभग 100 के आसपास बने मंचों पर कलाकारों का नृत्य व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मन मोह रही थीं।

रोड शो के शुरुआत में ही पाणिनी कन्या महाविद्यालय की वेद पाठी छात्राओं ने मंत्रोच्चार किया। विकास रथ के आगे मातृशक्ति का समूह चल रहा था। पूरे रास्ते तिल रखने तक की जगह नहीं थी। हर कोई नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की एक झलक पाने को आतुर दिखा। दोनों नेताओं ने हाथ हिलाकर, हाथ जोड़कर समूची काशी का अभिवादन भी किया।

यह पहला अवसर है, जब प्रधानमंत्री अपनी मां के साक्षात आशीर्वाद के बिन नामांकन करेंगे। लेकिन यह विश्वास है कि लाखों माताओं-बहनों का आशीर्वाद उनके साथ है। इसी आशीर्वाद की बदौलत वे न सिर्फ काशी में नया इतिहास लिखेंगे, बल्कि अबकी बार-400% पार कर नए भारत का पुनः नेतृत्व करेंगे। रोड शो में मोदी की भावनाओं का सम्मान करते हुए हजारों लोग मोदी का परिवार लिखा वस्त्र पहने दिखे तो हमार काशी-हमार मोदी के जरिए भी प्रधानमंत्री से अपना लगाव प्रकट किया। सड़क के दोनों तरफ, घरों की छतों से बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी ने पुष्पवर्षा कर मोदी का स्वागत किया। छतों से लोग मोदी की आरती भी उतारते दिखे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईवीएम-वीवीपैट विवाद पर 26 अप्रैल के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय में एक पुनर्विचार याचिका दायर कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या पुरानी मतपत्र प्रणाली वापस लाने की मांग वाली याचिकाएं खारिज करने के 26 अप्रैल के फैसले की समीक्षा की गुहार लगाई गई है। याचिकाकर्ता अरुण कुमार अग्रवाल की ओर से वकील नेहा राठी ने यह याचिका दायर की है।



उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि 26 अप्रैल 2024 के शीर्ष अदालत के आदेश में स्पष्ट रूप से खामियां हैं। ऐसे पर्याप्त कारण थे जिनकी वजह से इसकी समीक्षा की आवश्यकता है। याचिका में कहा गया है, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति नहीं देती कि उनके वोट सटीक रूप से दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा उनकी प्रकृति को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें विशेष रूप से डिजाइनरों, प्रोग्रामर, निर्माताओं, रखरखाव तकनीशियनों आदि जैसे अंदरूनी सूत्रों द्वारा दुर्भावनापूर्ण परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील हैं। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान में वीवीपैट पेपर पर्चियों में से 5 फीसदी मतों का मिलान किया जाता है। उक्त आंकड़ा तथ्यात्मक रूप से गलत है और वास्तव में ईवीएम के सत्यापन के लिए 2 फीसदी से भी कम वीवीपैट पर्चियों की गिनती की जाती है। उक्त तथ्य को तत्काल मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं द्वारा मौखिक रूप से भी बताया गया था। याचिकाकर्ता ने ईवीएम की सिस्टम लोडिंग इकाइयों पर भी दावा किया और कहा कि इस पर पूरी चर्चा में इस तथ्य को नजरअंदाज किया गया कि यह असुरक्षित है और इसके ऑडिट की आवश्यकता है।

याचिकाकर्ता ने कहा, 'अदालत ने इस संभावना को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया कि 'एसएलयू' में डेटा में केवल आवश्यक छवियों के अलावा अतिरिक्त बाइट हो सकते हैं। 27 अप्रैल 2024 को वायर में प्रकाशित माधव देशपांडे द्वारा लिखे गए एक लेख में इसका विस्तार से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'I.N.D.I.A की सरकार बनते ही...', राहुल गांधी की सरकार देश की महिलाओं को महंगाई की चुनौतियों से निपटने के लिए देगी आर्थिक हथियार

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आधी आबादी को भरोसा दिया है कि पार्टी की पांच न्याय की गारंटियों में शामिल महालक्ष्मी योजना महिलाओं की जिंदगी बदल देगी। साथ ही महंगाई की चुनौतियों से निपटने में भी यह मददगार साबित होगी।



लोकसभा चुनाव के बाकी बचे तीन चरणों में आधी आबादी को साधने की कोशिशों के तहत सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कांग्रेस के महालक्ष्मी वादे का भरोसा देने के लिए तेलंगाना और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए कहा कि इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने अपनी गारंटियों को लागू किया है। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस का प्रचार अभियान घोषणापत्र में शामिल पांच प्रमुख गारंटियों के साथ 25 वादों पर केंद्रित है और महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की महिला को सालाना एक लाख रुपए देने की गारंटी दी गई है।

### आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान

सोनिया गांधी ने इस योजना की पैरोकारी करते हुए कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत बनाने में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है। हालांकि आज हमारी महिलाएं भयंकर महंगाई के बीच संकट का सामना कर रही हैं। उनकी मेहनत और तपस्या के साथ न्याय करने के लिए कांग्रेस एक क्रांतिकारी कदम लेकर आयी है। कांग्रेस की 'महालक्ष्मी' योजना में हम गरीब परिवारों की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए देंगे।

### कांग्रेस की योजनाओं ने लाखों भारतीयों को ताकत दी

सोनिया ने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में पहले ही हमारी गारंटियों ने करोड़ों परिवारों की जिंदगी बदल दी है। चाहे मनरेगा हो, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार या खाद्य सुरक्षा जैसी कांग्रेस की योजनाओं ने लाखों भारतीयों को ताकत दी है और महालक्ष्मी हमारे इस काम को आगे बढ़ाने की सबसे नई गारंटी है। इस कठिन समय में आपको भरोसा दिलाना चाहती हूं कि कांग्रेस का हाथ आपके साथ है और यही हाथ आपके हालात बदलेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यातायात दुरूस्ती अभियान धड़ल्ले से प्रवेश कर रहे चार पहिया वाहन

## भारत माता चौक के व्यवसासियों ने रोड वन वे की मांग... हर पल यातायात जाम से त्रस्त है व्यवसायी

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर में जिला प्रशासन नगर निगम प्रशासन व यातायात विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यातायात दुरूस्ती व अतिक्रमण हटाने का अभियान छेड़ा गया है। इस अभियान से शहर की यातायात व्यवस्था थोड़ी पटरी पर आती दिख रही है। लेकिन सर्वाधिक यातायात जाम रहने वाले भारत माता चौक से लेकर सिनेमा लाइन व गंज लाइन, गंज चौक तक उक्त यातायात दुरूस्ती का प्रभाव दिख नहीं रहा। इससे यातायात विभाग के इस कवायद पर डेंट लगता दिख रहा है।




बता दे कि इस लाइन में धडल्ले से चार पहिया वाहनों का प्रवेश हो रहा है। लेकिन उसे रोकने टोकने वाला कोई नजर नहीं आ रहा। बताते चले कि पिछले दो-तीन पहले से छेड़े गए यातायात दुरूस्ती के अभियान के तहत भारत माता चौक में चार पहिया वाहन प्रतिबंध का बोर्ड लगा कर छोड़ दिया गया है। यातायात विभाग की उक्त चेतावनी का चारपहिया वाहन चालकों पर कोई असर नहीं हो रहा है। जिसके कारण हर घंटे, दो घंटे में उक्त लाइन में यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। भारत माता चौक, हलवाई लाईन में चार पहिया वाहनों के धड़ल्ले से प्रवेश से दुपहिया, तिपहिया वाहन चालक यातायात जाम में फंस कर छटपटाते रह जा रहे है। इससे इस क्षेत्र के व्यवसायियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर घंटे यातायात जाम की स्थिति बनने से उनका व्यापार-व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

### वन-वे बनाए जाने की मांग

आए दिन होने वाली यातायात जाम की परेशानी को देखते हुए भारत माता चौक हलवाई लाइन, गंज लाइन से लेकर गंज चौक क्षेत्र व सिनेमा लाइन, आजाद चौक के व्यवसायियों द्वारा इस लाइन को वन वे सड़क बनाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले भारत माता चौक, हलवाई लाइन वाली सड़क वन वे ही थी किन्तु कलेक्टर के बदलने के बाद उक्त वन वे हटा लिया गया जिसके चलते इस लेन में यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। जिससे हर व्यवसायी हलाकान व परेशान।

बता दे कि भारत माता चौक वाले लाइन में सिनेमा लाइन, गुड़ाखू लाईन, कामठी लाईन, सदर बाजार रोड, गंज लाइन की ओर से आने वाली वाहनों का खासा दबाव बना रहता है। आजाद चौक व गुड़ाखू लाईन में बर्तन दुकानदार अपना समाज सड़क तक फैलाए रखते है। इससे हर पल यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न होती है।

### पुत्री शाला रोड में यातायात दबाव

भारत माता चौक, हलवाई लाइन, सिनेमा लाइन के बाद सर्वाधिक यातायात दबाव झेलने वाले वाली सड़क पुत्री शाला रोड है। इस रोड में सर्वाधिक रूप से फल ठेला, खोमचे आदि से लेकर गुपचुप, मुंगोड़ी, गन्ना रस आदि सहित जूते-चप्पल, कपड़े आदि की दुकाने लगी रहती है। रहवास स्थल होने के कारण हर घर के सामने चार पहिया वाहने खड़ी रहती है। सड़क के बीच में मवेशियों का जमघट अलग बना रहता है। ऐसे हालात में थोड़ी सी ही भीड़ होने पर यातायात जाम की स्थिति बन आती है। फव्वारा चौक के पास यातायात अवरोध के लिए स्टापर भी लगाए जाते है लेकिन इसका कोई मतलब नहीं निकलता।

धड़ल्ले से प्रवेश करने वाली चार पहिया वाहने यातायात विभाग के सारे किए-कराए पर पानी फेर देता है। दो-चार वाहनों के प्रवेश होते ही मानव-मंदिर चौक तक जाम का लगना अनिवार्य हो जाता है। इस दिशा में यातायात विभाग को ध्यान देना जरूरी है। इसी तरह व्यवसायियों की मांग पर फव्वारा चौक से भारत माता चौक, गंज लाइन की उक्त व्यस्ततम सड़क को वन-वे किया जाकर लोगों को हर पल लगने वाले यातायात जाम से मुक्ति दिलाना आवश्यक हो गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई को होंगे विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस 31 मई को जन सामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करना है।

उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि जिले में अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस पर नशामुक्ति के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे और लोगों को जागरूक किया जाएगा। नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन शहर से लेकर ग्राम स्तर तक किया जाएगा। कार्यक्रमों में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा एवं उसके दुष्प्रभाव की जानकारी जनसमुदाय को दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से नशापान के दुष्प्रभावों की जानकारी, नशामुक्ति के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं, नशामुक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशामुक्ति साहित्य का वितरण, नशामुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। इस संबंध में जिले के सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के मुख्य नगर पालिक अधिकारियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन के जरिए लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया गया है।

## पहला कॉलम...

# अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान द्वारा नर्सिंग डे पर नर्सेस का सम्मान



राजनांदगाव (दावा)। बसंतपुर पनेका रोड स्थित अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान द्वारा नर्सिंग डे पर विशाल सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न अस्पतालों में कार्यरत विभिन्न स्टॉफ नर्स का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित मुख्यअतिथि के रूप में गवर्नमेंट मेडिकल कालेज राजनांदगाव कि ए.एन.एस श्रीमती शशि प्रभा ने सभी लोगों को सम्बंधित किया एवं नर्सिंग डे और नर्सिंग कार्य हेतु विभिन्न जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रेव्ह अतुल्य मसीह ने लोगों का उत्साहवर्धन किया साथ ही विशिष्ट अतिथि कॉन्फलुन्स नर्सिंग कालेज राजनांदगाव कि प्राचार्या श्रीमती रूबी दान ने भी नर्सिंग कार्य सम्बंधित बातों पर सम्बोधन किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित आशीष युसुफ द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता से सम्बंधित बातों पर सम्बोधन दिया। कार्यक्रम का आयोजन रेव्ह अमित दान द्वारा संस्थान अग्नि प्रार्थना सेवा संस्थान एवं समस्त सहयोगियों द्वारा किया गया, जिसमें सभी नर्स का सम्मान किया गया एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किये गए। संस्था प्रमुख रेव्ह अमित दान ने बताया कि नर्स कि भूमिका स्वास्थ्य के क्षेत्र में अति महत्वपूर्ण होती है। संस्थान द्वारा यह आयोजन प्रति वर्ष करने कि योजना है। आगामी वर्षो में भी बड़े पैमाने पर यह सम्मान कार्यक्रम आयोजन करना चाहते है, जिससे सभी सम्बंधित नर्सिंग कर्मचारियों का सम्मान किया जा सके।

# शोहदाय कर्बला कमेटी के सदर बने नईम कुरैशी



राजनांदगांव (दावा)। हर साल की तरह इस साल इमाम हजरत हुसैन साहब की याद में मोहर्रम मनाया जाता है, जिसमें 10 रोजा तकरीरी प्रोग्राम व और भी प्रोग्रामों को अंजाम दिया जाता है, जिसके इंतेजमात के लिए शोहदाय कर्बला कमेटी इस काम को अंजाम देती है। इस बार इसके सदर के तौर पर आम जमात की राय से नईम कुरैशी साहब को इसका सदर बनाया गया है, जो कि इस काम को अंजाम देंगे। सदर बनने पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील, हन्फी मस्जिद के सदर मोहम्मद हाफिज साहब, जलालबाग दरगाह के सदर हाजी मंसूर अंसारी, अल अजीज मस्जिद के सदर हाजी रज्जाक बड़गुजर, तुलसीपुर मस्जिद के सदर सैय्यद गुड्डू भाई, कब्रिस्तान कमेटी के सदर जलालुद्दीन निर्बान, मोहद्दीसे आजम स्कूल के सदर हाजी तनवीर अहमद, रशीद खान, अब्दुल कादिर अशरफी, सुहैल रिजवी, हैदर जोया, शकील रिज़वी, राजिक खान राजा, हफीज वारसी, शेख सलीम, आफताब अहमद, शानु खां, रेहान कुरैशी सभी ने मुबारकबाद पेश की।

# नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री कक्षा दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत



हर्षीत भट्ट 98.20% | शुभाश्री नंदा 96.80% | आयुषी तिवारी 96.60%

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री का सी.बी.एस.ई. बोर्ड में कक्षा दसवीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत् रहा। शाला में प्रथम स्थान हर्षीत भट्ट (सुपुत्र-अविनाश-श्वेता भट्ट) ने 98.20% प्राप्त किया है।

द्वितीय स्थान शुभाश्री नंदा (सुपुत्री शुशांत-श्रद्धांजली नंदा) ने 96.80% एवं तृतीय स्थान आयुषी तिवारी (सुपुत्री ज्ञानेद्रं-नीता तिवारी) ने 96.60% प्राप्त किया। शाला के 12 छात्रों ने 90% से अधिक अंक, 12 छात्रों ने 85% से अधिक अंक एवं 11 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया।

शाला के दो विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत् अंक प्राप्त किया है, हर्षीत भट्ट ने (गणित व विज्ञान -100 अंक), आयुषी तिवारी (आइ.टी.-100 अंक)। शाला के दो विद्यार्थियों ने 99 अंक प्राप्त किया है - शुभाश्री नंदा ने (आइ.टी.-99 अंक), दिपांशु साहु (सा.विज्ञान-99 अंक)। सभी सफल विद्यार्थियों को इस अवसर पर शाला के संरक्षक द्वारिकानाथ बाजपेयी, चेयरमेन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर संतोष कांकरिया, सचिव कमलेश उभरानी, सहसचिव पराग बोद्दून, कोषाध्यक्ष हरिनारायण अग्रवाल व समस्त डॉयरेक्टर्स, शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते, शाला प्रशासक विपिन गौते, एकेडेमिक इंचार्ज जिवेश द्विवेद्वी, निशात खान, लक्ष्मी चौहान, देविका मानेक, नुसरत बानो व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आज भगवान चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा - कायस्थ कम्युनिटी



राजनांदगांव (दावा)। कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त महाराज का प्राकट्योत्सव आज 14 मई मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सुबह भगवान चित्रगुप्त जी की आरती के बाद शहर में विभिन्न कार्यक्रम बैशाख शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी के दिन कायस्थ कुल के आराध्य देव धर्मराज श्री चित्रगुप्त महाराज का अवतरण हुआ था, अतः प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 मई दिन मंगलवार को स्थानीय जमातपारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ समाज द्वारा प्राकट्योत्सव को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम पूरे दिन भर चलेगा जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम विद्वान पंडितों के द्वारा प्रातः 8 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त की महाआरती होगी तत्पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी चित्रांशजनों को भोग एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

**0 शहर की अलग-अलग स्थान में कहीं फल तो कहीं जल आयोजन का कार्यक्रम**

**0 कायस्थ कम्युनिटी द्वारा सुबह अस्पताल में पोहा वितरण किया जाएगा और रेलवे स्टेशन में जल वितरण**

इस विशेष दिन के लिए श्री चित्रगुप्त भगवान एवं सभी मूर्तियों को नये श्रृंगार कर आकर्षक पोशाक पहनाये गए है, कायस्थ कम्युनिटी द्वारा प्राकट्योत्सव पर आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम जिसमें सेवा भाव से शहर में अलग-अलग स्थान में पधारकर अपने ईष्टदेव व समाज के प्रति अपना समर्पण भाव प्रदर्शित करते हुए भोग एवं महाप्रसादी ग्रहण करें।

# 12वीं के टॉपर ओगेश साहू का कायस्था कम्युनिटी ने किया सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। 12वीं की वार्षिक परीक्षा में प्रवीण सूची में स्थान बनाए ओगेश साहू पिता नरेंद्र साहू निवासी भाटागांव का कायस्था कम्युनिटी द्वारा सम्मान किया गया।

कम्युनिटी के रमेश श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, मधुबाला श्रीवास्तव, प्रतिमा श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव और अभिषेक श्रीवास्तव ने उन्हें संयुक्त रूप से भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर समस्त कायस्थजनों ने श्री साहू का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थी श्री साहू के साथ उनके परिजन भी उपस्थित थे।

# महेंद्र सुराना बने आस्था के अध्यक्ष



## सचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष अनिल बड़कुल बने

राजनांदगांव(दावा)। जिले की एक मात्र संस्था आस्था मूकबधिर शाला दिव्यांग शाला जो कि 1997 से संचालित है जिसमें मध्यप्रदेश महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के 80 मूक बधिर बच्चें केजी-वन से लेकर कक्षा आठवीं तक वहीं के छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रहे है।

बच्चों को संस्था के द्वारा निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जा रही है आस्था मूक बधिर शाला की वार्षिक आमसभा का आयोजन आस्था परिसर में किया गया, जिसमें आस्था मूक बधिर शाला के सुचारू संचालन के लिये सत्र 2024 से 2027 तक के लिये नवीन कार्यकारणी का चुनाव पीठासीन अधिकारी एडवोकेट बृजकिशोर सुरजन के द्वारा शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। सर्वसहमति से चुनाव में सभी पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध निर्वाचित हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों में निवृत्तमान अध्यक्ष हेमंत तिवारी, अध्यक्ष महेंद्र सुराना, सचिव राजेश जैन, कोषाध्यक्ष अनिल बड़कुल, उपाध्यक्ष नवीन शंकर खंडेलवाल, उपाध्यक्ष कमलेश बैद, सहसचिव निकहत परवीन खान, संगीता अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष नलिन कोठारी को नियुक्त किया गया। संरक्षक मंडल में पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना, बृजकिशोर सुरजन, रामकृष्ण तिवारी, हेमंत तिवारी, जुगल किशोर लड्डा, आनंद चोपड़ा को बनाया गया। कार्यकारणी में मनोज बैद, मीनू खंडेलवाल, श्रीमति संध्या तिवारी, संजय मिश्रा, भूपेंद्र बाजपेयी, प्रभात जैन, दीपक नवलखा, ललित भंसाली, विनोद बोहरा, पद्मश्री, पंकज जैन, दिलीप खंडेलवाल, उमेश अग्रवाल, राहुल जैन सी.ए.नईम कुरैशी, संदीप जैन (डोंगरगांव), शिव राठी, संजय विद्याश्री को रखा गया है। पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हेमंत तिवारी ने बहुत ही संघर्ष से इस संस्था को इस मुकाम तक लाया है श्रेष्ठा प्रदान की है। अब नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को इसे और ऊचाईयों पर ले जाना, इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता रखनी है। सभी साथ लेकर चलना है पारदर्शिता के साथ कार्यो को करना है। पीठासीन अधिकारी बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि ये अच्छी बात है की यहाँ सर्वसहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया, इससे अहसास होता कि यहाँ एकता का वातावरण बना हुआ है एकता में ही नेक कार्य सेवा कार्य श्रेष्ठाता के साथ संपन्न होते है।

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403091900007/

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-2024
बीजाभाठा प.ह.नं.00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-
एबीस एग्रो टेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली,
अनावेदक पक्षकार-अजीज पोल्ट्री प्रा. लिमिटेड डॉ. सूल्तान अली

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पटवारी हल्का नं.19 ग्राम बीजाभाठा राजस्व निरीक्षक रा.नि. मंडल आरी द्वारा उक्त आवेदन को पंजीकृत बयनामा होने के कारण ऑनलाईन न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक एबीस एग्रो प्राईवेट लिमिटेड, प्रबंध संचालक बहादुर अली आ.स्व.अब्दुल अजीज निवासी ग्राम राजनांदगांव द्वारा अधिकृत आम मुख्यार निर्मल सिंग संधु पिता खजान सिंग संधू निवासी रायपुर अधिवक्ता के माध्य में ग्राम बीजाभाठा प.ह.नं.19 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में अजीज पोल्ट्री प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली आ.स्व. अब्दुल अजीज निवासी ग्राम राजनांदगांव के नाम पर स्थित कुल भूमि खसरा नं. 168/2 रकबा 0.202 हे. भूमि को माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कटक बेन्च, कटक के पारित आदेशानुसार उक्त भूमि स्वामी अजीज पोल्ट्री प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली आ. स्व.अब्दुल अजीज निवासी बल्देव बाग राजनांदगांव के स्थान पर आवेदक एबीस एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली पिता स्व.अब्दुल अजीज निवासी बल्देव बाग राजनांदगांव के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/05/2024 के पूर्व स्वयं अथवा उपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, डोंगरगांव**

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202403091900006/

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन:-2023-2024
बीजाभाठा प.ह.नं.00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-
एबीस एग्रो टेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली,
अनावेदक पक्षकार-अजीज पोल्ट्री प्राइवेट लिमिटेड,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पटवारी हल्का नं.19 ग्राम बीजाभाठा राजस्व निरीक्षक रा.नि. मंडल आरी द्वारा उक्त आवेदन को पंजीकृत बयनामा होने के कारण ऑनलाईन न्यायालय में प्रस्तुत किया है। आवेदक एबीस एग्रो प्राईवेट लिमिटेड, प्रबंध संचालक बहादुर अली आ.स्व.अब्दुल अजीज निवासी ग्राम राजनांदगांव द्वारा अधिकृत आम मुख्यार निर्मल सिंग संधु पिता खजान सिंग संधू निवासी रायपुर अधिवक्ता के माध्य में ग्राम बीजाभाठा प.ह.नं.19 तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में अजीज पोल्ट्री प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली आ.स्व. अब्दुल अजीज निवासी ग्राम राजनांदगांव के नाम पर स्थित कुल भूमि खसरा नं. 131/ - 1.167/1.170, 172/1,173/1, 14/1, 175, 176/1, 176/2.177/1, 177/2, 177/3, 179/6, 179/10.180.181.182.183/1,183/2,188/1.186.187.189.191.197/2, 199/1, 199/2, 200, 201, 202, 204/2, 220/1. 220/2. एवं 221 कुल खसरा 34 कुल रकबा 8.192हे. भूमि को माननीय नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, कटक बेन्च, कटक के पारित आदेशानुसार उक्त भूमि स्वामी अजीज पोल्ट्री प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली आ. स्व.अब्दुल अजीज निवासी बल्देव बाग राजनांदगांव के स्थान पर आवेदक एबीस एग्रोटेक प्राईवेट लिमिटेड संचालक बहादुर अली पिता स्व.अब्दुल अजीज निवासी बल्देव बाग राजनांदगांव के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/05/2024 के पूर्व स्वयं अथवा उपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, डोंगरगांव**

# कक्षा बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत



कृष्णा गग्गड़ 95.40% | अविका शंकर श्रीवास्तव 94.80% | निती जोशी 92.20% | अंश बोरकर 92.20%

राजनांदगांव (दावा)। नीरज पब्लिक स्कूल पेण्ड्री, राजनांदगांव में सी.बी.एस.ई. कक्षा 12वीं में कामर्स संकाय से कृष्णा गग्गड़ (गजानंद नीलिमा गग्गड़) ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कामर्स संकाय से ही अविका शंकर श्रीवास्तव (विरेन्द्र रूपा श्रीवास्तव) ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व निती जोशी (दीपक पूजा जोशी) व अंश बोरकर (अशोक संगमित्रा बोरकर) ने संयुक्त रूप से 92.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला के जीव विज्ञान संकाय में अंशिता पाठक (आदर्श कुमार आरती पाठक) ने 89.60 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम तथा टियुश चोपड़ा (दीलिप दीपा चोपड़ा) ने 85.40 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व आस्था देवांगन (गिरिश गायत्री देवांगन) ने 84 प्रतिशत अंकों से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

गणित संकाय से निध्या वर्लयानी (मनोज अनिता वर्लयानी) 89.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, दीपशीखा देवांगन (जीवनलाल भुवनेश्वरी देवांगन) 88.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा जया साहू (नरेश कुमार ऊमलेशवरी साहू) 78.40 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। शाला में कक्षा बारहवीं में कुल 104 परीक्षार्थीयों में से 85 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। शाला के 24 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 4 विद्यार्थियों के नाम कृष्णा गग्गड (अकांउट-100), अंशिता पाठक (संगीत-100), आस्था देवांगन, भुमिका साहू (कत्थक-100) है, 100 में से 99 अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम कृष्णा गग्गड़ (बी.एस.टी.-99) नमन सारडा, सान्या गुप्ता और टियुश चोपड़ा (हिन्दुस्तानी वोकल-99), अविका शंकर श्रीवास्तव, निती जोशी, आशका अग्रवाल, कनक चौरसिया, पूर्वी अग्रवाल, राशि गुप्ता, रित अग्रवाल (कथक-99), हुजैफा फातिमा बेग (पेंटिंग-99) है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-9
234-9 369-8
राजधानी
2-7-9
130-4 570-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार भीड़ भरा चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
10th May to 16th May 2024
silver SCREEN




Kingdom of The Planet of The Apes (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm




Srikanth - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# मंडी में धान की आवक टनाटन...

**० भरपूर दाम मिलने से किसान खुश**
**० मंडी टैक्स घटने से व्यापारी भी खुश.... बड़ी संख्या में व्यापारियों की हो रही आमद**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में इन दिनों धान की आवक टनाटन बनी हुई है। मंडी में भरपूर धान की आवक होने से जहां व्यापारी भी खुश है वही धान की अच्छी कीमत मिलने से किसान भी खुश नजर आ रहे है। इधर प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही 5 प्रतिशत मंडी टैक्स को घटाकर दो प्रतिशत सैकड़ा कर दिए जाने से व्यापारी के चेहरे में प्रसन्नता है वही उनकी मंडी में आमद भी बढ़ गई है। जिसका सीधा लाभ किसानों को होने लगा है।

मंडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में गर्मी फसल का धान आई.आर.-64 की ज्यादा आवक बनी है। पोहा के लिए उपयुक्त माने जाने वाली महामाया धान का भी आना शुरू हो गया है। बताया जाता है कि अक्षय तृतीया पहले मंडी में धान की खासा आवक रही। एचएमटी धान जहां 2600 रूपए क्विंटल गया वही श्रीराम धान 2650 रूपए तक चढ़ा था। महामाया 2350 से लेकर उच्चत्तम मूल्यों में 2595 तक गया। वर्तमान में ज्यादातर आने वाली धान आईआर-64-2180 से लेकर 2200 रूपए प्रतिक्विंटल तक गया है। फिलहाल हवा-तूफान के साथ बनी बारिश पानी की स्थिति से मंडी में धान की आवक में थोड़ी कमी आई है। नहीं तो रोजाना मंडी में 22 सौ से ज्यादा कट्टा धान की आवक हो रही थी। वैसे ही किसानों को धान के दाम मिल रहे थे।

### मंडी टैक्स में कमी

बता दे कि पिछले शासन-सत्ता के दौरान प्रति सैकड़ो मंडी टैक्स 5 प्रतिशत कर दिया गया था। इससे व्यापारियों में नाराजगी बनी हुई थी। शासन सत्ता के चेन्ज होते ही व्यापारी संघ के अध्यक्ष कमल गांधी के नेतृत्व में सत्ता सरकार के मंत्री से मिलकर तत्सम्बंधित गुहार लगाए जाने पर मंडी टैक्स पूर्व की तरह 2 प्रतिशत सैकड़ा कर दिया गया है। इससे व्यापारी खुश नजर आ रहे है और उनकी मंडी में आमद बढ़ गई है। जिसका सीधा लाभ किसानों को होने लगा है।

मंडी में आढ़त का काम देखने वाले घनश्याम शर्मा ने बताया कि शासन सत्ता के बदलते ही मंडी में व्यवस्था भी सुधर गई है। मंडी के रेजा, हमाल व कर्मियों को भीषण गर्मी से जहां ऑफिस के समीप ठंडा पानी की सुविधा है वही किसानों व मंडी आने वाले कर्मचारियों व अन्य लोगों को 5 रूपए में भरपेट भोजन की सुविधा भी बनी हुई है। पहले इसका संचालन भिलाई से किया जाता है अब राजनांदगांव से होने लगा है। 5 रूपए में भरपेट भोजन की सुविधा किसानों को रास आ रही है।

### मंडी के भाव पर एक नजर

मंडी के बाबू बलभद्र चन्द्राकर ने बताया कि 16 मई सोमवार को मंडी में कुल 1090 कट्टा धान की आवक हुई इसमें कठानी 3754 कट्टा व चना 807 कट्टा रहा। मंडी में सबसे ज्यादा कीमत में धान एचएमटी की बनी हुई है। यह 25 सौ से लेकर 2650 तक प्रति क्विंटल जा रहा है। इसके बाद सर्वाधिक कीमत बीपीटी घान की है जो 2300 रूपए क्विंटल आरएमपी 2250 से 2311 इसी तरह महामाया 2261 से 2575, आइआर 64.22 सौ से 2216, सरना 2130 से 2161, जे.आर. धान 2130 में 2140 तक जा रहा है। कठानी माल में सोयाबीन 4201 रूपए प्रति क्विंटल, लाखाड़ी 4131 से 4300, चना देशी 5500 से 5660 तक तथा मसूर 5300 से 5420, शहर 9 हजार से 95010 रूपए प्रति क्विंटल बटरी 5051 से 5200 धनिया 7 हजार से 12 हजार प्रति क्विंटल व अलसी 4651 तथा सरसा 4551 से 5 हजार रूपए प्रति क्विंटल जा रहा है। मंडी में गेंहू 2330 से 2450 तक जा रहा है वही मक्का 2036 रूपए प्रति क्विंटल बना हुआ है।

# युगान्तर का सीबीएसई 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट परिणाम

## रिद्धिमा अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया

राजनांदगाँव (दावा)। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगान्तर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बारहवीं बोर्ड की परीक्षाफल आज सीबीएसई द्वारा घोषित कर दिए गए हैं, जो कि उत्कृष्ट रहे हैं। घोषित नतीजों में युगान्तर के कुल 24 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करके विद्यालय और नगर का नाम गौरवान्वित किया है, जिसमें रिद्धिमा अग्रवाल 95.8 प्रतिशत, ईशान गुप्ता 94.6 प्रतिशत, ओमप्रकाश मोटलानी 94.2 प्रतिशत, हुसैन जामिल 94 प्रतिशत, स्वपनिल टल्लु 93.2 प्रतिशत, अक्षत कोचर 92.4 प्रतिशत, खुशी बया 92.2 प्रतिशत, पुष्कर अग्रवाल 91.4 प्रतिशत, अनुष्का जैन 91 प्रतिशत, राशी राय,90.4 प्रतिशत, निशिता अग्रवाल 90 प्रतिशत, तेजराज सिंह भाटिया 90 प्रतिशत, रिया शुक्ला 89.6 प्रतिशत, ऐश्वर्या रमेश 89.4 प्रतिशत, आस्था खंडेलवाल 89.2 प्रतिशत, लक्ष्य बत्रा 89 प्रतिशत, नोमन कोशले 88.4 प्रतिशत, अराध्य गुप्ता 87.6 प्रतिशत, नमन सिंह 87.6 प्रतिशत, लुपासा नगपुरे 87.2 प्रतिशत, गुरमन सिंह भाटिया 86.2 प्रतिशत, तनीषा जैन 86.2 प्रतिशत, अभय बैद 86 प्रतिशत, दीक्षा साहू 86 प्रतिशत प्रमुख हैं। विद्यालय का परीक्षाफल इस प्रकार रहा- 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 13 रहे, 85 प्रतिशत से 89 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 11 रहे, 80 प्रतिशत से 84 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 17 रहे, जबकि 60 प्रतिशत से 79 अ अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 51 रहे।

9 विद्यार्थी कामर्स में तथा 3 विद्यार्थी साइंस में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। रिद्धिमा अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शाला का उत्कृष्ट रिजल्ट सुनकर शाला में खुशी की लहर दौड़ गई । विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी चौधरी ने समस्त छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि लक्ष्य पर फोकस करने से ही विद्यार्थी मनवांछित सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा 20 मई से 'संस्कारों की पाठशाला'




राजनांदगांव (दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन राजनांदगांव द्वारा 20 मई सोमवार से 26 मई रविवार तक 'संस्कारों की पाठशाला' बच्चों की मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है । यह शिविर प्रतिदिन प्रातः 9:00बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगा। इस शिविर में कक्षा छठवीं से दसवीं तक के बच्चे भाग ले सकते है। इसमें विशेष रूप से बच्चो को आंतरिक व्यक्तित्व के विकास हेतु नैतिक मूल्यों की धारणा, मानव जीवन का लक्ष्य, जीवन में आदर्श व्यक्ति का महत्व, आदर्श दिनचर्या, मेडिटेशन जैसे विषयों के साथ साथ ज्ञानवर्धक खेल भी कराया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में सबको प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। यह शहर के बच्चों के लिए एक सुंदर अवसर है अपने गर्मी के छुट्टी को सदुपयोग करने का। यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है लेकिन पंजीयन कराना आवश्यक है जिसके लिए लालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र में आकर संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी स्थानीय सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी तथा शहर के बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की।

# आयुक्त ने लिया शहर के आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा

**० सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर में समय पर हाजरी नहीं भरने पर सेन्टर प्रभारी को नोटिस**
**० हाजरी में अनियमितता पर वार्ड नं. 39 के सफाई ठेकेदार को नोटिस**

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ वार्डो में मूलभूत सुविधा सफाई पानी का प्रतिदिन निरीक्षण कर चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा ले रहे है। इसी कडी में आज सुबह उनके द्वारा शहर के आंतरिक क्षेत्र वार्ड नं. 39 व 40 में साफ सफाई व्यवस्था देख एक ओर जहाँ सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर में समय पर हाजरी नहीं भरने पर वही दूसरी ओर वार्ड नं. 39 में सफाई मे लापरवाही बरत हाजरी में अनियमितता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल को दिये।

सबसे पहले आज आयुक्त श्री गुप्ता सागर पारा एसएलआरएम सेन्टर पहुँच कचरा पृथककरण की जानकारी लिये, कचरे का ढेर देख प्रतिदिन पृथक पृथक करने सुखा कचरा का बंडल बनाने के निर्देश सेन्टर प्रभारी को दिये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जाँच किये, जाँच उपरांत समय पर हाजरी भरना नहीं पाया गया, न ही लाल पेन से अनुपस्थिति लगाना पाया गया, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सेन्टर प्रभारी को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री अग्रवाल को दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता शहर के आंतरिक क्षेत्र सागर पारा, बासपाई पारा, चौखडिया पारा, हीरामोती लाईन, पठानपारा में साफ सफाई का निरीक्षण किये। उन्होंने सड़क के साथ-साथ गलियों में भी नियमित रूप से झाडू लगाकर कचरा उठाने के निर्देश दिये, इंदिरा नगर रोड नंदई चौक में कचरा डालने पर उसे प्रतिदिन उठाकर सफाई करने के निर्देश दिये।



नंदई नाला में नालियों का पानी आने के कारण झिल्ली पन्नी, कचरा फंसने पर चौखड़िया पारा वैष्णव देवी मंदिर के पीछे नाला में जाली लगाने उप अभियंता तिलक राज ध्रुव से कहा, जिससे झिल्ली पन्नी व कचरा रूक जाये और उसे आसानी से निकाला जा सकें। वार्ड नं. 39 में सफाई में लापरवाही देख हाजरी रजिस्टर की जाँच करने पर हाजरी में अनियमितता पायी गयी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में गंज पारा स्कूल में आहता निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य की स्वीकृति की जानकारी लिये, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लावे और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये स्कूल खुलने के पूर्व कार्य पूर्ण करावें।

उन्होंने दोनो वार्डो में स्वीकृत सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा नही करने पर सम्पर्क कर कार्य जल्द कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण में वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# बाल भारती पब्लिक स्कूल के उत्कृष्ट परिणाम

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा एवं संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त शाला बाल भारती पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों में से विज्ञान संकाय में प्रथम कुमारी गुंजन देवांगन 90 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी बानी महोबिया 82.06 प्रतिशत, तृतीय मुस्कान गोरी 80.08 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में प्रथम चंद्रहास देवांगन 77 प्रतिशत, इसी क्रम में कक्षा दसवीं में प्रथम कुमारी विनीशा साहू 95 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी हिमांशी गड़े 85.83 प्रतिशत, तृतीय मास्टर गगन साहू 85.33 प्रतिशत एवं अन्य विद्यार्थी अभिनव मड़के 84.16 प्रतिशत कुमारी आशी महोबिया 82.66 प्रतिशत, श्रीकांत मंडले 83.16 प्रतिशत, अनिक देवांगन 82.16 प्रतिशत रहे। शाला परिवार इन बच्चों की उपलब्धि पर गर्व करता है। इस अवसर पर सचिव तथागत पांडे, डायरेक्ट नरसिम्हा रेड्डी, प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा पांडे रेड्डी, डायरेक्टर श्रीमती रितिका पांडे एवं शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# मन ही हमारे बंधन, पतन, विकास और मुक्ति का कारण है- मुनि सुधाकर

**राजनांदगांव (दावा)। 13 मई युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर ने आज यहां कहा कि एक आदमी पाप करता हुआ भी पाप नहीं करता और एक आदमी पुण्य करता हुआ भी पाप कर जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण है मन। पुण्य काटने का सबसे बड़ा स्रोत है आपका कर्म और आपका विचार। हम अपने मन को प्रशिक्षित कर लें तो हम सभी बंधनों से मुक्त हो जाएंगे, पाप कर्मों से मुक्त हो जाएंगे और मुक्ति पा लेंगे।**

मुनि सुधाकर जी ने तेरापंथ भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान कहा कि मन ही हमारे बंधन, पतन, विकास और मुक्ति का कारण है। हम जैसा सोचते हैं, वैसे हमारे कर्म बंधन होते जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो कर्म बंधन के कारण है वह कर्म काटने के साधन बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरता यदि प्राप्त करनी है तो ऐसी सुंदरता प्राप्त करो जो एक बार आने के बाद फिर ना जाए। जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थिति आए, हिम्मत नहीं हारना चाहिए। समय कैसा भी हो वह निकल ही जाता है। मुनिश्री ने कहा कि विद्युत से भी ज्यादा तेज गति से चलता है हमारा मन। मन को साधने के लिए अभ्यास की जरूरत होती है। इसके लिए हमें आवश्यक है अपने श्वांस की गति को संतुलित करने का। आप देखेंगे कि आपका मन में आवेग आता है और कुछ देर बाद वह चले भी जाता है। जब आवेग आता है तो आप पाएंगे कि आप नाक के दाहिने तरफ के छेद से तेज गति से श्वास ले रहे हैं किंतु जब आवेग ठंडा हो जाता है तो आप पाएंगे कि आपके नाक के बाएं तरफ की छेद से श्वांस लेने का क्रम शुरू हो गया है। जब आवेग आता है तो सूर्य श्वास होता है और जब आवेग ठंडा हो जाता है तो चंद्र श्वास होता है। हमारे शरीर में जितनी भी बीमारियां हैं उसका कारण है श्वास का संतुलित नहीं होना। संपूर्ण शक्ति को अपने शरीर में निहित करने के लिए श्वास का संतुलित करना आवश्यक है। मुनि सुधाकर जी ने कहा कि जब भी आप गहरी श्वास लेते हैं तो श्वास लेते समय आप संकल्प करो कि मैं स्वस्थ हूं और जब छोड़ो तो संकल्प करो कि मेरी बीमारी दूर हो। श्वास लेते समय सकारात्मक के भाव हो और स्वांस छोड़ते समय नकारात्मक भाव को साथ छोड़ दो। श्वास दुनिया की सबसे बड़ी साधना है, सबसे बड़ी शक्ति है। श्वास की गति जब बिगड़ी तो शरीर बिगड़ जाता है। बच्चों की नाड़ियां शुद्ध होती है और वह तिथियों के हिसाब से चलती है। इसलिए वह इतनी संतुलित होती है, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे इच्छाओं और लालसाओं के कारण नाड़ियां असंतुलित होती जाती है। मन को संतुलित करना है तो सबसे पहले है जरूरी है अभ्यास। यह अभ्यास अनुलोम विलोम के द्वारा या साधना के द्वारा श्वास को संतुलित कर किया जा सकता है। श्वास के अलावा हमारा संपूर्ण साथी कोई नहीं है। हम 24 घंटे में कितने घंटे इस साथी की ओर देखते हैं।



मुनि श्री ने कहा कि मन को साधने का दूसरा रास्ता है वैराग्य का। वैराग्य में चार भावनाएं होती है-पहली भावना है अनित्य भावना, दूसरी भावना है अशरण भावना, तीसरी भावना है संसार भावना और चौथी भावना है एकत्व भावना। मन में यह बसा लो कि मैं अकेला आया हूं और अकेला ही जाऊंगा। मन प्रशिक्षित बनेगा और शक्तिशाली बनेगा तो यह सिद्धी भी धारण करेगा। इससे पहले नरेश मुनि ने कहा कि आत्म शुद्धि का साधन है धर्म। जहां समता है, वहां जीवन सामान्य है और जहां विषमता है वहां सब गड़बड़ है। जहां समता है, सहनशीलता है वहां मानवता है, प्रेम है और जीवन खुशहाल है।

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सात महाविद्यालय एवं नौ विद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



राजनांदगांव(दावा)। जेएलएम गायत्री विद्यापीठ राजनांदगांव में 38 छत्तीसगढ़ बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के तत्वाधान में लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार, कैंप कमांडेट के सफल मार्गदर्शन में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिवस में खेलकूद एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सात महाविद्यालय एवं नौ विद्यालयों से छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी एवं देश की संस्कृति की झलक अपनी प्रस्तुति के माध्यम से दिखाई। उपरोक्त कार्यक्रम में पीजी कॉलेज कवर्धा की छात्राओं ने देशभक्ति गीत में नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया एवं पहले पायदान पर रहीं। वहीं पर कमला देवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीत बारहमासी द्वारा छत्तीसगढ़ की भुंईया को नमन किया एवं दूसरे पायदान पर रहीं। तीसरे स्थान पर पं. शिवकुमार शास्त्री कृष्ण महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी राजनांदगांव, के छात्रों ने बॉलीवुड देशभक्ति गाने पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। साथ ही विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय जैसे दिग्विजय महाविद्यालय, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर पीजी कॉलेज डोंगरगांव, संत कबीर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कवर्धा, स्वामी आत्मानंद स्कूल सुकुल दैहान, स्वामी आत्मानंद स्कूल डोंगरगढ़, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना नगर पालिका निगम विद्यालय राजनांदगांव, स्वामी आत्मानंद स्कूल मोहला, होली किंगडम स्कूल कवर्धा आदि के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया, साथ ही पूर्व एनसीसी कैडेट अरुण कुमार मरकाम पीजी कॉलेज कवर्धा एवं विद्या साहू, दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव को आरडीसी परेड में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनको प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में क्लोजिंग एड्रेस में कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक कुमार ने सभी को संबोधित कर विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर साथ ही कैंप प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में सूबेदार मेजर सतवर्ग सिंह सेना मेडल, सेकंड ऑफिसर चंद्रभान साहू, लेख प्रसाद उर्वसा, भानुप्रताप ठाकुर, श्रीमती युगेश्वरी साहू, भूपेंद्र जोगी, पायल दिल्लीवार, छत्रपाल साहू, कुमारी मेनका यादव, एनसीसी अधिकारी एवं समस्त पीआई स्टाफ 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी राजनांदगांव सम्मिलित रहे। उपरोक्त जानकारी कैंप एडजुटेंट, लेफ्टिनेंट डिकेश्वर निषाद द्वारा दी गई।

# एनबीआईएस-बोरी के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम शानदार रहे




राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के सीबीएसई कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस परीक्षा में कक्षा दसवीं के 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, 42 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 39 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में शाला के दीक्षा जैन 97 प्रतिशत, स्वर सांखला 96.2 प्रतिशत, ध्रुवी चौरड़िया 95.4 प्रतिशत, विशु श्रीवास्तव 93.4 प्रतिशत, कल्याणी लिल्हारिया 93.4 प्रतिशत, आस्था वर्मा 93.2 प्रतिशत, अफशा कुरैशी 93 प्रतिशत, तिषा रंगलानी 92.6 प्रतिशत, एकमजोत कौर रंगी 91.6 प्रतिशत, एवं अथर्व कोचरे 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

0 कक्षा बारहवीं में शाला के मैथ्स, बायोलॉजी तथा कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा इस परीक्षा में कक्षा बारहवीं के कॉमर्स संकाय से 2 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, 13 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 15 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, तथा बायोलॉजी संकाय से 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक एवं 8 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। तथा मैथ्स संकाय से 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 7 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

कक्षा बारहवीं में कॉमर्स संकाय में गरिमा पारख 94.6 प्रतिशत, मुस्कान देवांगन 93.8 प्रतिशत, मौली जैन 89.8 प्रतिशत, श्रेयांश वर्मा 89.8 प्रतिशत, ज्येष्ठ जैन 89 प्रतिशत, हरमीक कौर 88.8 प्रतिशत, कशिश अयाज 88.6 प्रतिशत, शिव्या चंदेल 88 प्रतिशत, भक्ति जैन 83.4 प्रतिशत, निक्की भाटिया 83 प्रतिशत, रौनित आहूजा 83 प्रतिशत, आयुष दुलानी 82.2 प्रतिशत, उन्नति कोटड़िया 81.4 प्रतिशत एवं आर्या श्रीवास्तव 81 प्रतिशत तथा बायोलॉजी संकाय में राशि नायक 89.6 प्रतिशत, शिखा श्रीवास्तव 87.2 प्रतिशत, अलिज्बा रजा 86.6 प्रतिशत, खुशबू साहू 85.8 प्रतिशत, उदिता कोचर 85.8 प्रतिशत एवं गरिमा सिन्हा 80.6प्रतिशत तथा मैथ्स संकाय में आदित्य मोहबे 85.4 प्रतिशत, महक सिद्दीकी 85.2 प्रतिशत, हर्षित जैन 83.2 प्रतिशत, अंशना हटीले 82.8 प्रतिशत, वेदांत रंगलानी 82.8 प्रतिशत एवं संयम झाबक 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है।

इस परीक्षा परिणाम की सफलता के लिए शाला के संचालक नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, एकेडमिक डॉयरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान एवं शाला परिवार के शिक्षकों द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी गई एवं इसका श्रेय शाला के सभी समर्पित शिक्षकों एवं पालकों को दिया।

# युगांतर के अद्वित्य सिंह ठाकुर ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया




राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगान्तर पब्लिक स्कूल में आज सीबीएसई दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम सीबीएसई द्वारा घोषित हुए। इन घोषित नतीजों में युगांतर के कुल 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का का प्रदर्शन किया। जिसमें अद्वित्य सिंह ठाकुर 96.4 प्रतिशत, सोम्या मोटलानी 95.8 प्रतिशत, सौम्या देवांगन 95.2 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल 93.8 प्रतिशत, सौम्या लोहिया 92.6 प्रतिशत, अनुष्का जैन 91.4त्र, हितेश घनसनी 91.4 प्रतिशत, रिद्धि पारख 90.6 प्रतिशत, हिमानी जोगी 90.4 प्रतिशत, अर्हन जैन 90.4 प्रतिशत, पूर्वी कोठारी 89.2 प्रतिशत, प्रार्थना डागा 89.2त्र, सामर्थ भीमनानी 89.2त्र, एंजल मरकाम 88.8 प्रतिशत, ऋषभ पारख 87.6 प्रतिशत, आशीष मिंज 87.2त्र, श्रिया बैद 87त्र, मिष्टी तेजवानी 86.6त्र, यशश्वी रुंगटा 85.8 प्रतिशत, वसुंधरा जैन 85.4 प्रतिशत, आर्या रहटगोंकर 85.2 प्रतिशत, शुभांशु कश्यप 85.2 प्रतिशत प्रमुख हैं। विद्यालय का परीक्षाफल इस प्रकार रहा- 90त्र से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 10 हैं, 85 प्रतिशत से 89 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 12 हैं, 80 प्रतिशत से 84.9 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 16 है, जबकि 60 प्रतिशत से 79.9 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी 48 हैं । इस तरह दसवी बोर्ड में शत प्रतिशत विद्याथियों ने उत्तीर्ण होकर नया कीर्तिमान रचा।


HIMANI JOGI


ARHAN JAIN

# इस्लामिक देशों में रहने वाले हिंदुओं का 'हिंदुत्व' कैसा?

रजनीश कुमार

रामेश्वर साव बिहार के औरंगाबाद में जिस गाँव के हैं, वहाँ कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता है. आसपास के गाँवों में भी मुसलमान नहीं हैं.पढ़ाई के दौरान भी किसी मुसलमान से मुलाक़ात नहीं हुई. कम उम्र में शादी के बाद ज़िम्मेदारियाँ बढ़ीं तो रोज़गार का संकट खड़ा हुआ. 2015 में रामेश्वर को रोज़गार की तलाश में सऊदी अरब जाना पड़ा.हिंदू बहुल गाँव, समाज और देश में रह रहे रामेश्वर साव के लिए इस्लामिक देश सऊदी अरब पहुँचना उनकी ज़िंदगी की अहम घटना थी.रामेश्वर बताते हैं कि जल्द ही मुसलमान उनके रूममेट बन गए. कुछ मुसलमान भारत के थे और कुछ पाकिस्तान के.रामेश्वर के मन में पाकिस्तान को लेकर मीडिया के ज़रिए छवि बनी थी कि यहाँ के लोग आतंकवादी और कट्टर होते हैं. मुसलमानों को लेकर भी रामेश्वर के मन में यही छवि थी.रामेश्वर साव कहते हैं, मुसलमानों और पाकिस्तानियों के साथ रहते हुए मेरे मन की कई धारणाएँ बदलीं. पहले ऐसा लगता था कि मुसलमान हिंदुओं से नफ़रत करते हैं. लेकिन सच यह था कि मैं मुसलमानों से नफ़रत करता था. मेरे मन से मुसलमानों को लेकर नफ़रत ख़त्म हुई. दोस्ती ऐसी हुई कि पाकिस्तान के लोग मुश्किल में मेरी मदद करते थे और उन्हें कोई ज़रूरत होती थी तो मैं मदद करता था. हम साथ में खाना भी खाने लगे.रामेश्वर अपने व्यक्तित्व में इस बदलाव को काफ़ी अहम मानते हैं. उन्हें लगता है कि अगर वह सऊदी अरब नहीं जाते तो कई सच्चाइयों से नावाक़िफ़ि रह जाते.यहाँ हिंदू के 10-12 घर ही हैं. इस गाँव के हर घर से एक या दो पुरुष खाड़ी के इस्लामिक देशों में नौकरी करते हैं.

गाँव के पाँच सौ से ज़्यादा लोग खाड़ी के देशों में रहते हैं. खाड़ी के देशों की कमाई का असर भी इस गाँव में साफ़ दिखता है. गाँव में कोई भी घर मिट्टी का नहीं हैराजन शर्मा इसी गाँव से हैं. उनके पास कोई रोज़गार नहीं था. राजन बताते हैं कि सिवान में रहते हुए रोज़ सौ रुपए कमाना भी मुश्किल था.एक दिन राजन से गाँव के ही सोहराब अली ने पूछा कि क़तर काम करने जाओगे? राजन ने हाँ करने में बिल्कुल देरी नहीं की. सोहराब ने ही उनके लिए वीज़ा बनवा दिया.राजन शर्मा पिछले नौ सालों से क़तर में रह रहे हैं और हर महीने 30 हज़ार रुपए बचा लेते हैं. क़तर की कमाई से गाँव में ही राजन ने तीन मंज़िला घर



बनवा लिया है. राजन अपने भाई की शादी में गाँव आए हुए हैं लेकिन गाँव आकर उन्हें निराशा हुई.राजन बताते हैं, अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौक़े पर हमारे गाँव के पास से एक जुलूस गुज़रा जो जानबूझकर मुस्लिम इलाक़ों में चिढ़ाने के लिए घुसने की कोशिश कर रहा था. किसी तरह मामले को सँभाला गया.. नहीं तो सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता था.राजन कहते हैं, मुझे यह देखकर बहुत दुख हुआ. मैंने अपनी माँ से जाकर कहा कि हमारे राम ऐसे तो नहीं थे. वह राजा की तरह रहते थे और प्रजा का ख़्याल रखते थे. राम के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है. पिछले दस सालों में ऐसी चीज़ें बढ़ी हैं.क़तर की राजधानी दोहा में राजन के रूममेट चांदपाली के ही मोहम्मद वसीम हैं. वसीम के अलावा दो और लोग हैं लेकिन राजन इकलौते हिंदू हैं.राजन के लिए मुसलमान साथियों ने कमरे के ही एक कोने में छोटा-सा मंदिर बनवा दिया है. राजन कमरे में ही पूजा करते हैं और मुसलमान दोस्त भी उसी कमरे में नमाज़ पढ़ते हैं. राजन कहते हैं, क़तर में मेरी तबीयत बहुत ज़्यादा ख़राब हो गई थी. बिस्तर से उठना मुश्किल था. वसीम भाई मेरे कपड़े तक धोते थे. क्या ऐसी ही मोहब्बत देश के भीतर नहीं रह सकती है?

वह भारत में धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति को लेकर चिंतित हैं. वो कहते हैं, सऊदी अरब इस्लामिक देश है. वहाँ राजशाही है और एक ही परिवार का शासन है. हम मुसलमान होने के नाते वहाँ जाकर धार्मिक रूप से बहुसंख्यक हो जाते हैं लेकिन इसका हमें कोई विशेषाधिकार नहीं मिलता है. वहाँ सबके लिए क़ानून बराबर है. वहाँ गुंडे को गुंडे के रूप में देखा जाता है कि न कि मुस्लिम गुंडा और हिन्दू गुंडा के रूप में.

मोहम्मद नसीम कहते हैं, भारत के मुसलमान यहीं की मिट्टी के हैं. भारत के निर्माण में हमारे पूर्वजों का भी ख़ून-पसीना लगा है लेकिन धर्म के आधार पर दोयम दर्जे का नागरिक बनाया जा रहा है. यह देखकर दुख होता है. हिन्दू-मुसलमान विदेशों में मिलकर रहते हैं और देश में आते ही दीवारें खड़ी हो जाती हैं. सेक्युलर देश में भेदभाव नहीं होना चाहिए लेकिन हो उल्टा रहा है.मोहम्मद नसीम के गाँव चाँदपाली से 10 किलोमीटर दूर दरवेश पुर के उपेंद्र राम उनके रूममेट हैं. नसीम बताते हैं, उपेंद्र के लिए मुसलमानों ने कमरे में ही प्लाईबोर्ड से एक छोटा-सा मंदिर बनवा दिया है. सऊदी अरब में बुतपरस्ती आसान नहीं है लेकिन हमने अपने हिन्दू भाई के लिए इसकी परवाह नहीं की.मोहम्मद नसीम बताते हैं कि उपेंद्र जाति से मोची हैं लेकिन उन्होंने कभी अछूत नहीं माना जबकि सवर्ण हिंदू सऊदी अरब में भी उनके साथ खाना खाने से परहेज़ करते हैं.बिहार में औरंगाबाद की इला शर्मा के पति श्याम दुबई में एल-एंड-टी कंपनी में प्रोजेक्ट मैनेजर हैं. वह कई सालों से दुबई में रह रही हैं. अभी उनके पति दोहा में शिफ़्ट हो गए हैं इसलिए वीज़ा के इंतज़ार में औरंगाबाद आ गई हैं.इला शर्मा कहती हैं कि दुबई में रहते हुए उन्हें कभी अहसास नहीं हुआ कि वह एक इस्लामिक देश में रहती हैं.इला कहती हैं, सच कहिए तो मैंने दुबई में होली, दिवाली और छठ पूजा ज़्यादा धूमधाम से मनाई है. कोई दिक़्क़त नहीं हुई. कभी ऐसा नहीं लगा कि हम धार्मिक रूप से अल्पसंख्यक हैं. सुरक्षा के मामले में तो भारत से ज़्यादा यहाँ बेफ़िक्री है. रात में दो बजे भी महिलाएँ अकेले दुबई में चल सकती हैं.

खाड़ी के इस्लामिक देशों में रहने वाले हिंदुओं से मिलिए तो ज़्यादातर लोग इस बात को स्वीकार करते हैं कि वे मुसलमानों के बारे में जो पहले सोचते थे, अब वैसा नहीं सोचते हैं. गल्फ़ की नौकरी से न केवल इनके जीवन में आर्थिक तब्दीली आई है बल्कि राजनीतिक और सामाजिक सोच भी बदली है. पटना में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ताविशी बहल पांडे इस बदलाव के बारे में कहती हैं, एक ही जगह पर रहते हुए कई तरह की धारणाएँ घर कर जाती हैं लेकिन हम दूसरे देशों में जाते हैं और अलग-अलग संस्कृति के लोगों से मिलते हैं तो ये धारणाएँ बदलती हैं. हमें बाद में लगता है कि जो हम पहले से मानकर बैठे थे, वो पूरा सच नहीं था. यह सबके साथ होता है. मुझे लगता है कि हमारे भीतर स्वीकार्यता बढ़ती है और थोड़ी समझ भी अच्छी होती है.

खाड़ी के देशों में रहने वाले जितने भी बिहारी हिंदुओं से बात की, सबने यही कहा कि मुसलमानों को लेकर उनकी सोच पहले से बदली है. सिवान के रवि कुमार सऊदी अरब में नौ साल रहे. अभी वह सिवान में अपना घर बनवा रहे हैं.

रवि कहते हैं, सऊदी अरब जाने से पहले मुसलमानों को लेकर जो सोचता था, उसमें मोहब्बत न के बराबर थी. उनके बारे में कई तरह की धारणाएँ थीं, जो कि सऊदी अरब जाकर बदल गईं. सऊदी अरब भले इस्लामिक देश है लेकिन भारत के मुसलमानों को इसका अलग से कोई फ़ायदा नहीं मिलता है. हिन्दुओं के साथ भी वहाँ कोई भेदभाव नहीं होता है. भारत आते ही ऐसा लगता है कि हम अब भी हिन्दू-मुसलमान में उलझे हुए हैं. अब्दुल बारी सिद्दीक़ी राष्ट्रीय जनता दल के पुराने और क़द्दावर नेता माने जाते हैं. सिद्दीक़ी से पूछा कि गल्फ़ में जाने वाले हिंदुओं के मन में मुसलमानों को लेकर बदलती सोच को वो कैसे देखते हैं?सिद्दीक़ी कहते हैं, पिछले कुछ सालों से मुसलमानों के खिलाफ़ नफ़रत का नशा चढ़ा है लेकिन यह बहुसंख्यक हिंदुओं में नहीं है. मेरा मानना है कि बहुसंख्यक हिंदू अब भी एक समावेशी समाज की वकालत करते हैं.

## अनमोल दावा

> कर्म का धर्म से अधिक महत्व है क्योंकि धर्म करके भगवान से मांगना पड़ता है पर कर्म करने पर भगवान स्वयं फल देता है।

## बुजुर्गों की सेहत और चुनौतियां, पारिवारिक और सामाजिक उपेक्षा बढ़ रहा संकट

यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि आज वृद्धावस्था में पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा के अभाव में दैनिक खर्च और स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च में भारी उछाल आया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में ज्यादा उम्र वालों के लिए अब तक जो शर्तें रही हैं, वे स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच को मुश्किल बनाती हैं।

अगर बुजुर्गों की आबादी का एक बड़ा हिस्सा किन्हीं वजहों से अपना इलाज नहीं करा पाता, तो यह समाज और व्यवस्था की एक बड़ी नाकामी है। गौरतलब है कि एक गैरसरकारी संगठन के अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि शहरी इलाकों के लगभग पचास फीसद बुजुर्ग आर्थिक मुश्किलों और कई अन्य तरह की चुनौतियों के चलते जरूरत के वक्त चिकित्सकों के पास नहीं जा पाते हैं। ग्रामीण इलाकों में यह समस्या ज्यादा व्यापक है। वहां बुजुर्ग आबादी के बासठ फीसद से ज्यादा के सामने आर्थिक और अन्य बाधाएं खड़ी हैं, जिनके चलते उन्हें बीमारी में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

आमतौर पर साठ वर्ष की उम्र के बाद व्यक्ति को सेवानिवृत्ति की वजह से आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जबकि इसी उम्र में उन्हें सेहत संबंधी देखभाल की ज्यादा जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हों तो उनका जीवन कुछ आसान हो सकता है। मगर कई बार पारिवारिक उपेक्षा के शिकार बुजुर्गों को सरकार की ओर से भी सामाजिक सुरक्षा के रूप में कोई विशेष सुविधा नहीं मिल पाती है। वहीं देश के कई इलाकों में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और आर्थिक स्थिति से जुड़ी समस्याएं जगजाहिर रही हैं।

यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि आज वृद्धावस्था में पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा के अभाव में दैनिक खर्च और स्वास्थ्य देखभाल पर खर्च में भारी उछाल आया है। इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में ज्यादा उम्र वालों के लिए अब तक जो शर्तें रही हैं, वे स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच को मुश्किल बनाती हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि किसी वृद्ध व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उचित इलाज न मिल पाने से उसकी जान चली गई।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आमतौर पर हर बुजुर्ग अपने बाद की उस पीढ़ी को बेहतर जीवन देने के लिए अपनी जिंदगी झोंक देता है, जो अपने परिवार साथ-साथ समाज और देश के लिए एक उपयोगी संसाधन बनता है। सवाल है कि बुजुर्गों की अपनी संतानें और सत्ता-तंत्र उसके स्वास्थ्य और संतोषजनक जीवन के लिए उचित व्यवस्था करने के प्रति उदासीन क्यों रहता है।

## बेहद फायदेमंद है टोमैटो रसम, ऐसे बनाएं इसे हेल्दी एंड टेस्टी

सर्दी-जुकाम, ऐसी प्रॉब्लम जो कभी भी किसी को भी हो सकती हैं। हालांकि ये कॉमन प्रॉब्लम है, जो खुद से ही कुछ दिनों में ठीक भी हो जाती है, लेकिन बहती नाक, खांसी और सिरदर्द जैसे इसके लक्षण ज्यादा परेशान करते हैं। गरम चीज़ों को खाने से गले में हो रहे दर्द और बंद नाक की समस्या में काफी आराम मिलता है, तो अगर आपको भी हो रखी है ये प्रॉब्लम, तो टोमैटो रसम बनाकर पिएं, जिसे कई तरह की मसालों के साथ बनाया जाता है। जो न सिर्फ रसम का स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि इसके गुणों में भी इज़ाफा करते हैं। यहां जानें इसकी क्विक एंड ईजी रेसिपी।

**टोमैटो रसम की रेसिपी** - सामग्री- 3 टमाटर (कद्दूकस किए हुए), 1 प्याज कटा हुआ (इच्छानुसार), 2 हरी मिर्च, नमक स्वादानुसार, 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1.5 कप पानी, 1/2 कप इमली का पानी, 1.5 टीस्पून रसम पाउडर (इच्छानुसार), 1 टीस्पून धनिया के बीज, 8-10 लहसुन, 1 जीरा, 2-3 टीस्पून काली मिर्च, मुट्ठीभर धनिया पत्ती

**तड़के के लिए** - 2 टेबलस्पून तेल, 1 साबुत लाल मिर्च, 1 टीस्पून सरसों और जीरा, 4-5 लहसुन, 2 हरी मिर्च लंबी कटी, करी पत्ते, चुटकीभर हींग

**विधि** - सबसे पहले प्रेशर कुकर में पानी और तीनों टमाटर डालें। टमाटर को कद्दूकस कर या फिर हाथ से जितना मैश हो सकता है कर लें।

इसके बाद इसमें हरी मिर्च, नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, पानी और धनिया की पत्ती डालकर तीन सीटी आने तक पका लें।

इसके बाद कुकर का ढक्कन खोलें। इसमें इमली का पानी और डेढ़ कप पानी मिलाएं। साथ ही रसम पाउडर भी।

अब किसी बर्तन में धनिया के बीज, लहसुन, जीरा और काली मिर्च को कूट लेंगे।

अब तड़का तैयार करना है। जिसके लिए पैन गर्म करें। इसमें तेल डालें। सूखी लाल मिर्च, जीरे, राई, हींग से तड़का लगाएं। फिर इसमें हरी मिर्च, करी पत्ते और जो मसाला कूटा था, उसे डालेंगे।

जब तड़का अच्छे से पक जाए, तो इसे टमाटर वाले मिश्रण में मिला देंगे।

सारी चीज़ों को और पांच मिनट पका लें।

तैयार है टोमैटो रसम सर्व करने के लिए।

इसे आप चावल के साथ खाएं या फिर सूप की तरह पिएं। दोनों ही तरीकों से ये टेस्टी लगेगा और हेल्दी तो है ही।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 147: भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं श्री राम

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



गुरु विश्वामित्र ने धीर गंभीर वाणी में कहा, तुम और तुम्हारे ज्येष्ठ भ्राता राम अस्त्र-शस्त्र और शास्त्र सभी के संचालन और प्रयोग में पूरी तरह से निपुण हो गए हैं। अब तुम दोनों स्वयं अपना निर्णय ले सकते हो। प्रत्येक पग पर तुम लोगों को मार्गदर्शन के लिए अब किसी गुरु की आवश्यकता नहीं है, तथापि मेरा आशीर्वाद और मेरी शुभकामनाएं सदैव तुम सभी रघुकुल कुमारों के साथ रहेंगी।

प्रभु श्री राम ने अपने गुरु विश्वामित्र जी से कहा, आपका प्रत्येक वचन मेरे लिए आशीर्वाद है और इसमें अंतर्निहित प्रत्येक संकेत मेरे लिए आदेश ही है गुरुदेव! श्री राम ने उत्तर दिया।

विश्वामित्र जी ने राजा दशरथ से कहा, राम अभी केवल एक सैन्य अभियान से वापस लौट रहे हैं राजन, लेकिन संपूर्ण जंबू द्वीप को अभी राम के महाअभियानों की प्रतीक्षा है। इस राष्ट्र पर दक्षिण दिशा से संकट के बादल मंडरा रहे हैं लेकिन राम रूपी सूर्य में वह प्रखरता है, जो इन बादलों को छिन्न - भिन्न कर दे और इनका अस्तित्व विलीन कर दे।

एक पिता के रूप में मैं राम की सुरक्षा को लेकर कभी-कभी चिंतित हो जाता हूं महर्षि! राजा दशरथ ने पिता के रूप में मन की व्यथा कही।

पास ही खड़े हुए गुरु वशिष्ठ ने कहा, आपको चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है राजन! कुमार राम ने महाराज जनक की स्वयंवर सभा में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर दी है।पूर्व युग के प्रतापी योद्धा परशुराम जी ने भी अपनी सारी शक्तियां कुमार राम को सौंप दी हैं और एक तरह से उन्होंने अपनी भूमिका के समापन की घोषणा कर दी है।आपको इस बात पर गर्व होना चाहिए कि राम का भावी जीवन भी इस राष्ट्र के कल्याण के लिए समर्पित होगा। राम का मार्ग कंटकों से पूर्ण हो सकता है लेकिन उसमें वह क्षमता है कि वह सारे संकटों का धैर्य पूर्वक समाधान निकाले और सत्य,धर्म तथा न्याय की श्रेष्ठता सर्वोपरि रखे।

जो आज्ञा गुरुदेव! महाराज दशरथ ने कहा।

रथों से उतरकर चारों मिथिला कुमारियां भी गुरु विश्वामित्र के पास पहुंचीं और उन्होंने उनके चरण स्पर्श किए। गुरु ने अपने आशीर्वचन प्रदान किए।

अखंड सौभाग्यवती भव!
कल्याणमस्तु।
शुभंभूयात।
जीवनम सुखमयम भवतु।

गुरु विश्वामित्र ने सीता जी से कहा, पुत्री सीता! पुत्र राम का पग - पग पर साथ देना। तुम उसकी शक्ति हो। तुम उसकी प्रेरणा हो। तुम उसके लिए ऊर्जा का अक्षय स्रोत हो। पुत्र राम का भी तुम्हारे प्रति वही प्रेम रहेगा। तुम दोनों चतुर्युगों के आदर्श युगल बनोगे।

जो आज्ञा गुरुदेव! श्री राम और सीता जी गुरु विश्वामित्र जी के चरण स्पर्श कर रहे हैं। साक्षात ब्रह्म और उनकी शक्ति को इस तरह चरणों में झुकते देखकर विश्वामित्र जी थोड़ा झिझके। फिर उनके मुख से निकला -

सदा सुखी रहो।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### नेता अपनी गलती नहीं मानता

"भूपेश बघेल की रिकार्ड तोड़ हार तय"-
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कहते है
फिर वे आगे दावा करते है कि
प्रदेश की सभी ग्यारह सीटें
भारतीय जनता पार्टी के खाते में होगी।'
उधर कनौज में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष
राहुल गांधी ने चुनावी सभा में कहा -
"इण्डिया गठबंधन का तूफान,
मोदी के जाने की गारन्टी।"
तो गजाधर! ऐसे वक्तव्यों पर
आप क्या कहते हैं?
गजाधर मुस्कराए बोले- "बानी!
अभी तो इव्हीएम चार परतों में लिपटा
स्ट्रांग रूम में बन्द है,
तो नेताओं के मुँह खुले है
वे कुछ भी बोल सकते हैं
चकित कर देने वाले
एक से एक दावा करते हैं।
पर बानी! राजनीति के कुशल खिलाड़ी
हम उन्हें कहते हैं
जो रिजल्ट निकलने पर
उनके दावा के फेल हो जाने पर
न सकुचातें हैं न शरमाते हैं,
बल्कि वे चतुर चालक और
वक्तृत्व कला में माहिर नेता
प्रेस कान्फ्रेन्स में बड़ी शान से
'ऐसा क्यों हुआ' का कारण
दस प्रकार के उदाहरण देकर,
हम लोगों को समझाते हैं।"
मतलब वे अपने दावा को बानी!
कभी गलत नहीं बताते हैं।"



-गिरीश बख्शी





### शब्द सामर्थ्य -056

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**
1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 055 का हल



### सू- दोकू क्र.056

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ... वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.055 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल

**मेष** - आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र की वृद्धि होगी। आज कोई बड़ी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना पड़ सकता है। आज धन लाभ के मौके हाथ लगेगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज संतान पक्ष से आपको सुखद अनुभूति होगी।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे। आज छात्रों को अपनी पढ़ाई के प्रति और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लापरवाही का असर आपके रिजल्ट पर पड़ सकता है। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें।

**मिथुन** - आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय जरुर लें। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

**कर्क** - आज अकारण शुरू हुई बाधाएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएंगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप विदेश में व्यपार करने की योजना बनायेंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है जिससे आपको भविष्य में बहुत फायदा होगा।

**सिंह** - आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज रुके हुये कार्यों में प्रगति होगी। आपके गृहस्थ जीवन में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। डिप्लोमा कर रहे छात्रों को अपने सीनियर्स से महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी। छात्रों के लिये आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

**कन्या** - आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपको कार्य क्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपके रुकावट भरे कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन में आपसी तालमेल बढेगा। आज किसी कार्य में घरवाले आपकी तारीफ करेंगे। छात्रों की पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपकी नौकरी में कुछ सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

**तुला** - आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। अपनी बात सही तरह से रखना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** - आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जायेंगी। आपको अधिक खाने-पीने से बचना चाहिए और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।करोबार में बरकत होगी। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनायेंगे रखेंगे। आज बच्चों की किसी विशेष समस्या का हल मिलने से राहत मिलेगी। आपका मानसिक सुकून बना रहेगा। कोई धार्मिक यात्रा संबंधी प्रोग्राम भी बन सकता है। आपको लोगों का प्रिय बना देगा।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने कार्यों की प्लानिंग कर लेंगे। आज किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के जो लोग बेकरी के बिजनेस से जुड़े हैं उनको ज्यादा लाभ होगा।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज कामकाज को पूरी गंभीरता से करेंगे। घर के वरिष्ठ लोगों का सहयोग भी बना रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं से संबंधित व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। आज घर में किसी बच्चे की किलकारी संबंधी शुभ सूचना मिलने से ख़ुशी भरा माहौल बन जायेगा।

# गंडई में शिव महापुराण कथा की तैयारी जोरों पर, कथा स्थल पर हुआ भूमिपूजन

गंडई पंडरिया (दावा)। आगामी 18 जून से गंडई में आयोजित होने वाले शिव महापुराण कथा के लिए आयोजकों ने तैयारी तेज कर दी है। 35 एकड़ के भूखंड पर होने वाले इस वृहद आयोजन को लेकर सोमवार को कथा स्थल पर भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में गोडवाना मैदान में कथा स्थल पर पंडाल निर्माण के लिए भूमि खंडन एवं पूजन संपन्न हुआ। गंडई के पंडित गौकरण महाराज जी ने वैदिक मंत्रोच्चरण के साथ वास्तु के अनुसार पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन करवाया। उन्होंने बताया की यह गंडई का सौभाग्य और आयोजन समिति का प्रयास है की गंडई ही नहीं आस-पास के लोगों को भी इस कथा के अमृतपान का अवसर मिलने जा रहा है। किसी भी स्थाई या अस्थाई निर्माण कार्य के लिए वास्तु का सही होना बहुत जरुरी है। इसीलिए वास्तु निरीक्षण करने के बाद उचित कोण पर भूमिपूजन किया गया है।



गंडई के लाल टाकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि आज शुभ मुहूर्त में कथा स्थल पर भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ ही आयोजन की तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू हो गई हैं। उन्होंने कहा कि इस शिव महापुराण कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कथा के दौरान साक्षात महाकाल यहां विराजमान होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 7 दिन के लिए घर छोड़कर भगवान शिव की कथा सुने और जीवन में आनंद लाएं। इस भूखंड पर श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग आदि की सभी सुविधाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन नगर के सभी के प्रेरणा से संपन्न होगा वे भी इस आयोजन के भागीदार बनेंगे।

## पंडित प्रदीप मिश्रा करेंगे कथा की अमृत वर्षा

आयोजन समिति के पुष्पेंद्र देवांगन ने बताया की भारत के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले आगामी 18 जून से 24 जून तक यहाँ शिव महापुराण कथा की अमृत वर्षा करेंगे। इसके लिए वृहत स्तर पर टीम बना कर तैयारी की जा रही है। विशाल टेंट का निर्माण किया जा रहा है। किसी भी श्रद्धालु के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं रहेगी सभी लोग एक साथ एक ही पंक्ति में बैठ कर कथा का अमृतपान करेंगे। आयोजन की व्यवस्था को सँभालने के लिए पुरुष और महिला सेवादारों की टीम कार्यरत रहेगी। इसके अलावा जो भी व्यक्ति स्वेच्छा से दान देना चाहें वो कमेटी के पास जमा कर सकते हैं। उसकी रसीद उन्हें दे दी जायेगी। उन्होंने बताया की आयोजन से पूर्व ही अलग-अलग राज्यों से लोगों के फोन आने शुरू हो गए हैं। उन सभी लोगों के ठहरने की भी यहीं व्यवस्था की जा रही है। आयोजन के दौरान सातों दिन निःशुल्क भंडारे की व्यवस्था रहेगी। जिसमें 3 डोम बनाए जायेंगे। चारों तरफ पार्किंग की व्यवस्था रहेगी जिसमें इमरजेंसी के लिए भी पूरी व्यवस्था रहेगी। इस भूमिपूजन में सुनील गोयल-श्रीमती सरिता गोयल, जित्तू गोयल-श्रीमती रोशनी गोयल, लाल टारकेश्वर शाह खुशरो-श्रीमती नीता खुशरो, बैधनाथ नागेंद्र-श्रीमती नागेंद्र, पृथ्वी यादव-श्रीमती नम्रता यादव सहित समिति के लोग एवं नगर के गणमान्य नागरिक सहित केसीजी जिले के श्रद्धालु शामिल थे।

# नीरज विद्या मंदिर के बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा

डोंगरगांव (दावा)। नगर की एक मात्र सीबीएसई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में 10वीं एवं 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम बोर्ड उत्कृष्ट रहा। जिसमें 10वीं में कुल 43 विद्यार्थियों में से 24 विद्यार्थियों ने एवं 12वीं में कुल 35 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अंक प्राप्त कर संस्था एवं नगर को गौरवांवित किया है। 10वीं में अवनी पाण्डेय ने 91 प्रतिशत, कृष्णा खण्डेलवाल ने 88 प्रतिशत एवं उपासना निर्मलकर ने 86 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित कर पूरे वनांचल संस्था तथा अपने अभिभावकों का नाम रौशन किया। इसी प्रकार इन्होंने अपने-अपने विषय में 90 से अधिक अंक अर्जित किया है। इसी प्रकार 12वीं में वाणिज्य संकाय (कॉमर्स) से पुष्पेन्द्र साहू ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने संस्था एवं अभिभावक का नाम गौरवांवित किया है। वहीं विज्ञान संकाय (बायो) से अपूर्वा तितिक्षा ने 85.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने संकाय में प्रथम रही। वहीं विज्ञान संकाय (बायो) से विजयश्री साहू ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने संकाय में द्वितीय स्थान पर रही। इस प्रकार शिक्षा सत्र 2023-24 सेंकेण्डरी एवं हायर सेकेण्डरी वार्षिक परीक्षा का परिणाम शानदार एवं उत्कृष्ट रहा। संस्था के होनहार बच्चे पूर्व से ही टॉपर रहे है।



## दसवीं में अवनी पाण्डेय एवं बारहवी में पुष्पेन्द्र साहू प्रथम रहे

इन्होंने विगत हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर संस्था का नाम गौरवांवित किया था। इस सराहनीय कार्य और उपलब्धि के लिए संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटडिया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा वाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान एवं प्रशासक जी राम सिन्हा संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# पहला कॉलम...

## वनांचल मानपुर की आयुसी ने विसु गेम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खेल युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन विसु एसोसिएशन छत्तीसगढ़ विसु एसोसिएशन आफ इण्डिया के द्वारा डोंगरगढ़ में 15वीं राज्य स्तरीय विसु गेम का आयोजन किया गया जिसमें मानपुर की कन्या आयुसी जो संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव में अध्ययनरत हैं ने विसु गेम में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मानपुर एवं संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल राजनांदगांव का नाम रोशन किया हैं क्षेत्र के लोगों ने आयुसी को शुभकामनायें बधाई दी विशेषकर अवधेश त्रिपाठी नवभारत परिवार अम्बागढ़ चौकी मोहला-मानपुर ने आयुसी को बधाई दी।

## समाज सेविका इंजी. कु. स्वाति देवांगन समाज सेवक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं संयोजक समाज सेवी संजीव सिंघल ने समाज सेविका इंजी. कु. स्वाति देवांगन को संघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। इंजी. कु. स्वाति देवांगन शासकीय सेवा में सिविल इंजीनियर है। उनकी नियुक्ति पर उन्हे संघ की प्रांताध्यक्ष श्रीमति नैमिन देशमुख, प्रियांशु सिंघल, दुर्ग संभाग की अध्यक्ष कु. दिव्या वर्मा, जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष भीमा साहू, बालोद जिले की अध्यक्ष कु. भुनेश्वरी साहू (रानी), दुर्ग संभाग के सचिव खुलेन्द्र साहू राजनांदगांव नगर अध्यक्ष कु. रेवती साहू, गठुला ग्राम अध्यक्ष हर्ष साहू, बोरी के अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, पदुमतरा ग्राम अध्यक्ष कु. चंचल साहू, तिलई के अध्यक्ष भूषणलाल देवांगन, जिला सचिव कु. पायल यादव, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, डोंगरगांव के अध्यक्ष रोहिणी पटेल, मोतीलाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, इंदामारा के अध्यक्ष कु. रूपा कंवर, कोटरासरार की अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीह के अध्यक्ष गिरीश साहू, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमति सरस्वती वर्मा, चवेली की अध्यक्ष यमला साहू, दिनेश पटेल, दौलत राम साहू, विजय निषाद, बबीता लहरे, आकाश यादव, अमित पटेल ने बधाई दी है।

## नीरज माईलस्टोन स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

### के.रितुश्री 93.6 प्रतिशत के साथ जिले में प्रथम



खैरागढ़ (दावा)। नीरज माईस्टोन स्कूल-खैरागढ़ का सीबीएसई में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत के साथ फिर से नीरज माईलस्टोन ने अपने वर्चस्व को कायम रखा। विद्यालय के 10वीं की छात्रा के.रितुश्री पिता के.श्रीनिवाश ने 93.6% अंक (गणित 97, अंग्रेजी 95, विज्ञान 93, सामा.विज्ञान 92, हिन्दी 91) पाकर खैरगढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार के साथ ही साथ विद्यालय का मान बढ़ाया है, इसके साथ ही कई छात्र/छात्राएं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। दूसरे स्थान पर अलफिया मेनम (82.4%), तीसरे स्थान पर अनवेशा चोपड़ा (81.6%), चौथे स्थान पर नमन वा. लिलहारे (80.4%) एवं पांचवे स्थान पर अविका बैस ने (80%) अंक प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी ने छात्रों और उनके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों एवं पालकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन से यह सफलता प्राप्त की है। एकेडेमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्य अभिजीत मुखर्जी, एडमिन योगेश डेगोर एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अवैध मदिरा परिवहनकर्ता के विरुद्ध की गई कार्रवाई

### 9 बल्क लीटर देशी मदिरा किया गया जप्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत ग्राम धोबाटोला से टिपानगढ़ रोड में ग्राम चोरहा बंजारी थाना गेंदाटोला निवासी कमलेश चन्द्रवंशी के कब्जे से 9 बल्क लीटर देशी मदिरा संतरा अवैध रूप से दो पहिया वाहन स्कूटी हीरो डेस्टिनी बिना नंबर प्लेट पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

# जिला राजनांदगांव में 4 दिवसीय सेन महोत्सव संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। जिला सेन समाज के निर्देशानुसार नाई समाज के आराध्य गुरुदेव और अन्य सभी पंतो, वर्ग, समाज को भक्ति भजन का मार्ग दिखाने वाले 'संत शिरोमणि सेन जी महाराज' की 724वी जयंती, 4 दिवसीय 'सेन-महोत्सव' के रूप मे मनाया गया। जिसका भव्य समापन 'ब्लाक-सोमनी-टेड़ेसरा इकाई' के ब्लाक अध्यक्ष कौशल सेन के द्वारा ग्राम कोपेडीह मे भव्य आयोजन कर किया गया।



## ब्लाक सोमनी टेडेसरा इकाई मे भव्य समापन

जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने आगे बताया की जिलाध्यक्ष शेष नारायण सांडिल्य, जिला सचिव लोकेश सेन, के सयुंक्त निर्देशानुसार सेन जयंती का पहला कार्यक्रम दिनांक 5 मई, जिला सेन भवन, सहदेव नगर में जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षिका श्रीमती निशा श्रीवास के द्वारा पूजा अनुष्ठान करके मातृ शक्तियों और सामाजिक पदाधिकारिओं की उपस्थिति मे मनाया गया।

दूसरे दिन दिनांक 6 मई, डोंगरगढ़ ब्लाक अध्यक्ष गिरधारी सेन के नेतृत्व में धर्मनगरी पर शाम को शोभायात्रा निकला गया और प्रस्तावित सेन भवन के भूमि स्थान पर सेन जी महाराज का पूजा अर्चना किया गया। फिर अतिथियों का स्वागत सम्मान कर रात्रि प्रीति भोज द्वारा सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में पदाधिकारीगण दीलिप सेन, संजू सेन, सुनील सेन, प्रदीप सेन, डोमार सेन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

तीसरे दिन 7 मई, जिले का मुख्य समारोह में जिला महामंत्री अनुप श्रीवास के नेतृत्व और जिला सेलून अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास के अध्यक्षता में भव्य बाईक रैली संस्कारधानी शहर के मुख्य मार्गो मे निकाला गया जो रेवाडीह में समाप्त हुआ। तत्पश्चात ब्लाक अध्यक्ष अनिल कौशिक जी के द्वारा आयोजन स्थल श्री बूढ़ादेव मंदिर रेवाडीह में श्री रामायण महाकाव्य पाठ पूर्ण कर जिला से पधारे मुख्य अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष श्री सांडिल्य, संयोजक देवशरण सेन सांसद प्रतिनिधि वरिष्ठ पदाधिकारी सालिक भारद्वाज महिला प्रकोष्ठ श्रीमती निशा श्रीवास, न्याय प्रकोष्ठ विजय भारद्वाज का उद्बोधन प्राप्त हुआ और दोपहर के प्रीति भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी प्रकार सोमनी-टेडेसरा इकाई अध्यक्ष कौशल सेन के नेतृत्व में ग्राम कोपेडीह पर सेन जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भव्य कलश यात्रा निकाला गया जो ग्राम के शिव मंदिर मे पूजा करके वापिस आयोजन स्थल पहुंचा। शोभायात्रा के बाद जिलाध्यक्ष, ब्लाक पदाधिकारियों द्वारा गणपति वंदना कर 36 कोटि देवी देवताओं का पूजा अनुष्ठान कर संत श्री सेन जी महाराज का तिलक वंदन और आरती किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण सेन, जिलाध्यक्ष सांडिल्य जी, जिला सचिव लोकेश सेन, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षिका श्रीमति निशा श्रीवास, जिला कार्यकारिणी से दयानंद सेन, युवा प्रकोष्ठ से शिव श्रीवास के साथ सभी ब्लाक पदाधिकारीगण प्रवीण कौशिक, अनिल कौशिक, नोहर कौशिक, लक्ष्मी सेन, संजू सेन का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे विशेष रूप से विधायक का उद्बोधन द्वारा समाज को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मध्य में राष्ट्रीय खिलाडी विकास श्रीवास का विधायक के द्वारा सम्मान किया गया। तत्पश्चात श्री रामायण महाकाव्य का पाठ किया गया और दोपहर के प्रीति भोज के साथ यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंच संचालन में तारेश श्रीवास कार्यक्रम की व्यवस्था में उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, सचिव नरेंद्र सेन, कोषाध्यक्ष रूपेन्द्र सेन, संगठन प्रभारी हेमंत कौशिक, सेलून संघ से सच्चिदानंद, तामेश्वर श्रीवास का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रेम सेन ने दिया।

# हर घर जल योजना अंतर्गत रायपुर की टीम ने किया निरीक्षण



अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला,मानपुर,अम्बागढ़ चौकी जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुँचाने मोंगरा समूह जल प्रदाय योजना का कार्य की शुरुआत काफी समय से हो चुकी है लेकिन कार्य की रफ्तार काफी धीमी नजर आ रही है जिसे लेकर निरीक्षण में पहुंचे अधिकारियों ने कार्यस्थल का जायजा लिया और निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार व इंजीनियर को सख्त निर्देश देते हुए कार्य समाप्ति दिवस तक गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी है।

बता दे कि मोंगरा जल प्रदाय योजना के तहत अम्बागढ़ चौकी के मोंगरा बैराज से तीन जिलों में लगभग 350 गांव में हर घर जल पहुंचाने की नीयत से 41322 लाख की स्वीकृति हुई है लेकिन ठेकेदार की उदासीनता के चलते कार्य की गति काफी धीमी होने की वजह से निरीक्षण में पहुंचे अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कार्य मे तेजी लाने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने समझाइस दी है।

# कल अंबागढ़ चौकी के आत्मानंद स्कूल में प्रवेश लॉटरी के माध्यम से




अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कल 15 मई दिन बुधवार को विभिन्न कक्षाओं के लिए रिक्त पदों पर लॉटरी के माध्यम से प्रवेश हेतु बच्चों का चयन किया जाएगा। सत्र 2024 -25 के लिए कक्षा पहली में 50 पद दूसरी में 0, तीसरी में 3, चौथी में 1, पांचवी में 5, छठी में 2 सातवी में 2, आठवीं में 1 पद रिक्त है। इन कक्षाओं में रिक्त पदों के लिए शासन के निर्देशानुसार 10 अप्रैल से 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन फार्म आमंत्रित किया गया। जिसे शासन के पुनःनिर्देश अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई बढ़ायी गयी। कक्षा पहली में 50 रिक्त पद के विरुद्ध 118 आवेदन फॉर्म प्राप्त हुई जिसमें से 97 बच्चे पात्र एवं 21 बच्चे अपात्र पाए गए, कक्षा तीसरी में कुल 3 पदों के विरुद्ध कल 11 विद्यार्थियों का आवेदन मिला, जिसमें से 10 आवेदन पात्र तथा एक आवेदन अपात्र पाए गए, कक्षा चौथी में 1 पद के विरुद्ध 8 आवेदन पात्र प्राप्त हुए जिसमें से 7 पात्र तथा 1 अपात्र पाए गए, कक्षा पांचवी में कुल पांच पदों की विरुद्ध 13 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 पात्र तथा दो अपात्र कक्षा छठी में 2 पदों के लिए 15 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 5 पात्र 10 अपात्र पाए गए। इस प्रकार कक्षा सातवीं में दो पदों की विरुद्ध चार आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से तीन पात्र एवं एक अपात्र, कक्षा आठवीं में एक पद के विरुद्ध दो आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से एक पात्र तथा एक अपात्र पाया गया। अपात्र बच्चों के लिए दावा आपत्ति का समय दिनांक 13 मई को 10:00 बजे से 12:00 बजे के बीच रखा गया, दावा आपत्ति पश्चात पात्र एवं अपात्र बच्चों की सूची स्कूल के सूचना पटल पर चस्पा किया गया। पात्र बच्चों का चयन लॉटरी के माध्यम से कल 15 मई को प्राप्त होगा, प्रातः 9:00 बजे से लेकर 12:00 के बीच अनुविभागीय अधिकारी मोहला, तहसीलदार अंबागढ़ चौकी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौकी तथा मुख्य नगर पंचायत आयुक्त अम्बागढ़ चौकी एवं समस्त पालकों की उपस्थिति में किया जाएगा। चयनित बच्चों को 15 मई से लेकर 20 मई तक प्रवेश दिया जाएगा। सभी कक्षाओं में 1 पद महतारी दुलार योजना के अंतर्गत सुरक्षित रखा गया है, जिन्हें नियमानुसार प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश के संबंध में विस्तृत जानकारी विद्यालय समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है। उक्त जानकारी विद्यालय प्राचार्य द्वारा दी गई।

# समाज सेवक संघ ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे पर नर्सो का सम्मान किया



राजनांदगांव (दावा)। समाज सेवक संघ ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर सांई कृपा अस्पताल में वहां की सभी 23 नर्सो का सम्मान किया एवं उन्हें सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. कु. स्वाति देवांगन थी। कु. स्वाति समाज सेविका हैं एवं शासकीय सेवा में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने नर्सो को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इंजी. कु. स्वाति ने अपने उद्बोधन में कहा कि नर्सो के बिना अस्पताल की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संस्थापक अध्यक्ष एवं संयोजक समाजसेवी संजीव सिंघल ने की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में बताया कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने नर्सिंग सेवा का प्रारंभ किया था एवं उनके जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया जाता है। सुश्री फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म इटली में हुआ था। श्री सिंघल ने नर्सो का सेवा, सामाजिक कल्याण एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अनमोल योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विनम्र भाव से सेवा को लक्ष्य बनाकर कार्य करना कोई नर्सो से सीखे। विशेष अतिथि संघ की नगर अध्यक्ष कु. रेवती साहू ने कहा कि नर्सो की मुस्कान एवं स्नेहपूर्ण व्यवहार से रोगियों का आधा रोग दूर हो जाता है। इस अवसर पर हेड नर्स कु. सरोजनी पटेल ने कहा की नर्सेस धैर्य एवं शांति से सेवा कार्य करती हैं किन्तु उन्हें और अधिक स्नेह एवं विनम्रता से सेवा करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नर्सेस अंशु रावटे, सरोजनी पटेल, उषा धगेश, प्रभा सेन, मोनिका, कान्ता साहू, नम्रता, दीपिका, चांदनी, चांदनी लहरे, प्रमिला उइके, भारती, वीणा, ललिता, तुलसी, गीतांजली, संध्या, नेहा, संजू, कविता, हेमलता पटेल, शिल्पी देवांगन एवं लोकिता को सम्मान पत्र दिया गया।

# मनुष्य के चरित्र निर्माण में होती है शिक्षक की मुख्य भूमिका

छुरिया (दावा)। गत 11 मई को राजधानी रायपुर के सिविल लाइन में स्थित वृंदावन भवन के सभा हॉल में नवनिर्वाचित शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ की शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह छत्तीसगढ़ के प्रख्यात साहित्यकार व जनकवि मीर अली मीर के मुख्यआतिथ्य एवं आरपीएफ निरीक्षक व सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका करूणा साहू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि मंच संचालन समिति के प्रांतीय संयोजक चन्द्रशेखर परघनिहा, समाज सेवी तारेन्द्र चन्द्राकर एवं संस्था के संरक्षक परसराम साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों एवं समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। संस्था के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों से मिली शिक्षा से ही लोगों को समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों की मुख्य भूमिका होती है। अच्छी शिक्षा से कला व संस्कृति की रक्षा होती है। मनुष्य के चरित्र निर्माण में शिक्षक की प्रमुख भूमिका होती है। जिस तरह भवन की सुन्दरता उनके मजबूत नींव पर निर्भर होती है उसी तरह इंसान की अच्छे कार्य उनके शिक्षा पर निर्भर होती है। शिक्षक श्रृजन कर्ता होते है इसलिए मनुष्य के उन्नति एवं अवनति उनको मिले शिक्षा पर निर्भर करती है। शिक्षक को सिर्फ वेतनभोगी नहीं बल्कि समाज के लिए कल्याणकारी कार्य करने वाला होना चाहिए। शिक्षक की एक छोटी सी भूल समाज को गलत दिशा में ले जा सकता है इसलिए शिक्षक को एक अच्छा पथ प्रदर्शक तथा सोच समझकर निर्णय लेने वाला होना चाहिए। बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षक समाज के लिए पारस पत्थर के समान होते है। मीर अली मीर ने अपनी सुप्रसिद्ध रचना 'नंदा जाही का रे नंदा जाही का' की प्रभावशाली प्रस्तुति कर शिक्षक -शिक्षिकाओं को गौरवशाली प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति को संरक्षित करने प्रेरित किया। करूणा साहू ने सुमधुर आवाज में पंडवानी प्रस्तुत कर उपस्थित शिक्षक -शिक्षिकाओं एवं बच्चों को ग्राम्य कला संस्कृति को बचाने का संदेश दिया। सभा को समस्त अतिथियों एवं संस्था के प्रमुख प्रांतीय




## शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी की शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

पदाधिकारियों ने संबोधित कर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के उद्देश्य के अनुरूप बच्चों एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करने का आव्हान किया। स्वागत भाषण संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, संचालन मोहित शर्मा एवं संजय मैथिल, आभार प्रदर्शन विरेन्द्र कुमार साहू एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूली छात्रा ने प्रस्तुत किया। संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संस्था के उद्देश्य एवं पदीय दायित्वों के अनुरूप कार्य करने का शपथ लिया। उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं को अतिथियों के करकमलों से स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, शाल एवं वार्षिक कैलेण्डर प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से संस्था के संरक्षक परसराम साहू, सलाहकार मोहित शर्मा, संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, उपाध्यक्ष द्वय महादेव जायसवाल एवं मेहत्तर देवांगन, महासचिव विरेन्द्र साहू, संयुक्त सचिव भूपेन्द्र साहू, संगठन महामंत्री, खिलेश वर्मा, सहसचिव मिथिला जायसवाल, कुमारी गंजीर, सुचिता साहू, कार्यालय सचिव मुकेश साहू, अंतिमा कंवर, मनीष साहू, प्रचार मंत्री, देवकुमार वैद्य, हितेन्द्र साहू, भोला राम सिन्हा, मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर एवं लता देवांगन, प्रवक्ता महेश जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्यगण योगेश्वर साहू, लोकनाथ तांडेय, हेमंत साहू, तुलसी साहू, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण अध्यक्ष सुचित्रा सामंत, उपाध्यक्ष प्रज्ञा शर्मा, पुष्पलता पटेल, गीता देवांगन, महासचिव मधु देवांगन, कोषाध्यक्ष सुनीता जनार्दन, संयुक्त सचिव नंदनी देशमुख, सहसचिव ईश्वरी देवांगन, पुष्पांजलि ठाकुर, जयश्री देवांगन, कार्यालय सचिव शशिकला पांडे, ज्योति गजपाल, संगठन महामंत्री वर्षा हरिहारनो, प्रांतीय प्रचार मंत्री लक्ष्मी बघेल,सुकन्या राजपूत, मीडिया प्रभारी कांति नागे, प्रवक्ता विनीता अनुप उइके, कार्यकारिणी सदस्य गण इंदू सोनकर, खुशबू जैन, वर्षा जैन, दीपमाला वैष्णव, वंदिता शर्मा आदि शामिल है। इस अवसर पर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के समस्त प्रांतीय पदाधिकारीगण, सदस्यगण, विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कराटे छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## पंजाब पुलिस ने टीटीपी के चार आतंकियो को किया ढेर

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों के हाथों प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' (टीटीपी) के चार आतंकवादी मारे गए हैं, जिनमें एक 'लक्षित हत्यारा' (टारगेट किलर) शामिल है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि, पंजाब पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने लाहौर में अप्रैल में पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में पिछले हफ्ते टीटीपी के 'टारगेट किलर' फैजान अहमद बट को गिरफ्तार किया था। सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा, ''सीटीडी की टीम रविवार तड़के 'टारगेट किलर' बट को हथियारों की बरामदगी के लिए लाहौर के बाहरी इलाके में स्थित करोल जंगल में ले गई। उसकी निशानदेही पर एक पिस्तौल और दो हथगोले बरामद किए गए।'' उन्होंने कहा कि सीटीडी की टीम जब अतंकवादी के गुप्त ठिकाने पर पहुंची थी तभी टीटीपी आतंकवादी माने जाने वाले छह लोग इलाके में पहुंचे और बट को छुड़ाने के लिए पुलिस दल पर गोलीबारी करनी शुरू कर दी। प्रवक्ता ने कहा, ''पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में बट सहित चार आतंकवादी मारे गए। अन्य तीन घटनास्थल से भागने में सफल रहे।'' उन्होंने कहा कि घटनास्थल से दो क्लाश्निकोव रायफल और एक पिस्तौल भी बरामद की गई। पिछले महीने तीन पुलिसकर्मियों की अज्ञात बंदूकधारियों ने लाहौर में हत्या कर दी थी और इस हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली थी। सोशल मीडिया में जारी एक बयान में टीटीपी के खुरासान धड़े ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## शेयर बाजार : नीचे गिरा सेंसेक्स, निवेशकों के डूबे 4.36 लाख करोड़

मुंबई । लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अस्थिरता और महंगाई के आंकड़ों के आने से पहले शेयर बाजार सुबह आधे घंटे के अंदर क्रैश हो गया। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार सेंसेक्स में 700 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखने को मिली, वहीं निफ्टी भी नीचे आ गया। टाटा मोटर्स के अलावा टाटा स्टील, मारुति, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट की वजह से शेयर बाजार के 17 करोड़ से ज्यादा निवेशकों के आधे घंटे में 4.36 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। मात्र आधे घंटे में बांबे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 713.78 अंकों की गिरावट के साथ 71,950.69 अंकों के लोअर लेवल पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक 182.20 अंकों की गिरावट के साथ 21,873 अंकों पर कारोबार कर रहा है। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान निफ्टी 21,828.40 अंकों के लोअर लेवल पर पहुंच गया था।

## सीन विलियम्स ने टी20 इंटरनेशनल से लिया संन्यास


नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के ठीक बाद टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। ये टूर्नामेंट 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में खेला जाएगा। लेकिन टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले क्रिकेट फैंस को एक बड़ा झटका लगा है। एक स्टार खिलाड़ी ने अचानक टी20 क्रिकेट के संन्यास ले लिया है। ये खिलाड़ी पिछले 18 साल से टी20द्ब क्रिकेट खेल रहा था। हालांकि ये खिलाड़ी वनडे और टेस्ट फॉर्मेट में खेलना जारी रखेगा। जिम्बाब्वे के दिग्गज ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान सीन विलियम्स ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वह हाल ही में बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच खेली गई टी20 सीरीज का हिस्सा थे। लेकिन सीरीज के आखिरी मैच बाद उन्होंने टी20द्ब क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सीन विलियम्स ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के खत्म होने के बाद उन्होंने अपने फैसले की जानकारी साथी खिलाड़ियों की दी।

## नेपाल के आर्थिक सलाहकार के इस्तीफे को मिली मंजूरी

काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार ने तीन भारतीय क्षेत्रों को शामिल करने वाले मानचित्र के साथ सौ रुपये के नए नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। वहीं नेपाल के इस कदम को भारत पहले ही खारिज कर चुका है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने रविवार को चिरंजीवी नेपाल के इस्तीफे को मंजूरी दे दी। चिरंजीवी नेपाल ने सोमवार को कहा,एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के तौर पर मैंने यह टिप्पणी की थी, लेकिन कुछ समाचार मीडिया ने राष्ट्रपति की सम्मानजनक संस्था को अनावश्यक रूप से विवाद में खींचने की कोशिश में इसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया, जिससे मुझे दुख हुआ।

# आईपीएल से बाहर होने वाली तीसरी टीम बनी गुजरात, कोलकाता के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस का आईपीएल 2024 में सफर खत्म हो चुका है। गुजरात के होम ग्राउंड में ही बारिश ने शुभमन गिल की सेना की रही-सही उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम पर गुजरात और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा। इस मैच के बेनतीजा रहने से गुजरात अंतिम चार की रेस से अब पूरी तरह से बाहर हो गई है।



### गुजरात हुई प्लेऑफ की रेस से बाहर

गुजरात टाइटंस का आईपीएल 2024 में सफर समाप्त हो चुका है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए गुजरात को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी थी। हालांकि, अहमदाबाद में लगातार होती बारिश के चलते मैच का अंत बिना टॉस का सिक्का उछले ही हो गया। गुजरात इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गई है। पिछले दो सीजन फाइनल तक का सफर तय करने वाली गुजरात पहली बार प्लेऑफ तक पहुंचने में नाकाम रही।

गुजरात ने इस सीजन अभी तक 13 मैच खेले हैं और टीम के कुल 11 प्वाइंट्स ही हैं। गुजरात को अब इस सीजन सिर्फ एक मुकाबला ही खेलना है और उस मैच को जीतकर भी शुभमन गिल की सेना सिर्फ 13 प्वाइंट्स पर ही पहुंच पाएगी। कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के पहले ही 14 प्वाइंट्स हैं।

### केकेआर खेलेगी पहला क्वालिफायर

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के अब 19 प्वाइंट्स हो गए हैं। इसके साथ ही केकेआर ने पहले क्वालिफायर में अपनी जगह तय कर ली है। हालांकि, पहले क्वालिफायर में केकेआर की भिड़ंत किस टीम के साथ होगी, यह जानने के लिए अभी इंतजार करना होगा।

# एलोर्डा कप बॉक्सिंग- निकहत-मीनाक्षी और अनामिका की जीत से शुरुआत, सोनिया को मिली हार



अस्ताना। विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने एलोर्डा कप बॉक्सिंग टूर्नामेंट में जीत के साथ अभियान शुरू किया है। उन्होंने 52 भार वर्ग में स्थानीय बॉक्सर कजाखस्तान की राखिमबेरदी झानसाया को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से पराजित किया। मीनाक्षी (48) और अनामिका (50) ने भी जीत से शुरुआत की है। मीनाक्षी ने कजाखस्तान की गासीमोवा रोक्साना को 4-1 से और अनामिका ने जुंबायेवा अरालिम को पहले दौर में ही आरएससी (रेफरी ने मुकाबला रोका) कर दिया। वहीं इशमीत सिंह (75) को कजाखस्तान अरमानूली अरमात से और सोनिया (54) को चीन की चांग यूआन के हाथों 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। इस टूर्नामेंट के लिए 21 सदस्यीय टीम भेजी गई है, जिसमें कजाखस्तान, उज्बेकिस्तान, चीन, जापान जैसे देश भाग ले रहे हैं। पुरुष वर्ग में इश्मीत सिंह (75 किग्रा) को कजाकिस्तान के अर्मानुली आर्मैट ने 5-0 से हराया। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), संजय (80 किग्रा) और गौरव चौहान (92 किग्रा से अधिक) तीन अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ मंगलवार को चुनौती पेश करेंगे।

# अंतिम घरेलू मैच में एम्बाप्पे का गोल, पीएसजी की टूलूज के खिलाफ 1-3 से हार

पेरिस। किलियन एम्बाप्पे ने पार्क डी प्रिंसेस में पीएसजी के लिए अपना अंतिम घरेलू मैच खेला। हालांकि पीएसजी को टूलूज़ के खिलाफ घरेलू मैदान पर 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।



एम्बाप्पे ने आठवें मिनट में गोल करके पीएसजी को पेरिसियन क्लब के लिए अपने आखिरी घरेलू मैच में शुरुआती बढ़त दिला दी।

ओउस्माने डेम्बेले ने फ्रांसीसी टीवी चैनल कैनाल से कहा, इस हार ने टीम के माहौल को थोड़ा खराब कर दिया है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने इस तरह हारना हमेशा निराशाजनक होता है, भले ही आप चैंपियन हों। हमें हार के बाद चीजों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है।

पीएसजी के साथ एम्बाप्पे का समय अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि 2022 फीफा विश्व कप के शीर्ष स्कोरर को फ्रेंच कप के फाइनल में ओलिम्पिक ल्यों का सामना करने से पहले नीस और मेट्ज़ के खिलाफ लीग में दो मैच खेलने बाकी हैं, जो मई में खेला जाना है।

डेम्बेले ने कहा, उन्होंने क्लब को बहुत कुछ दिया, उन्होंने बहुत कुछ किया। उन्होंने जो कुछ भी किया है उससे हम खुश हैं। वह पीएसजी में अच्छी तरह से परिपक्व हुए। उन्होंने यहां बहुत कुछ हासिल किया है। वह पीएसजी के दिग्गज हैं। हमें उन पर गर्व है। ऐसा कहा जाता है कि 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही रियल मैड्रिड के साथ अनुबंध करने का फैसला कर लिया है और आधिकारिक घोषणा 14 जुलाई से जर्मनी में खेले जाने वाले यूरो से पहले की जाएगी।

# रिचर्ड्स ने टी-20 वर्ल्ड कप की भविष्यवाणी, वेस्टइंडीज को बताया वर्ल्ड कप विजेता

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के महान बैटर पूर्व दिग्गज विवियन रिचर्ड्स ने टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बात की है. पूर्व दिग्गज ने उस टीम के नाम लिया है तो टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत सकती है. बता दें कि जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 वर्ल्ड कप का आयोजन होने वाला है. वेस्टइंडीज की टीम दो बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने में सफल रही है. ऐसे में अब इस बार क्या वेस्टइंडीज की टीम खिताब जीत सकती है. पाकिस्तानी वेबसाइट द्दद्गशह्यह्वश्चद्दह्.ह्1/ पर बात करते हुए रिचर्ड्स ने टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर भविष्यवाणी की है. रिचर्ड्स ने माना है कि वेस्टइंडीज की टीम इस बार टी-2-0 वर्ल्ड कप का खिताब जीत सकती है. सर विव रिचर्ड्स ने टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर कहा, ÷भले ही मैं पाकिस्तान से प्यार करता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि वेस्टइंडीज के पास इतनी अच्छी टीम है कि वह इस बार खिताब जीत सकती है. हम उम्मीद कर रहे हैं कि वेस्टइंडीज अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे. यह याद रखना चाहिए कि वेस्टइंज टीम काफी प्रतिभाओं से भरी हुई है.



# अफगानिस्तान में बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 300 से ज्यादा मौतें

नई दिल्ली। जंग से निकलने के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान पर एक और मुसीबत आ पड़ी है. देश में शुक्रवार से हो रही बारिश के बाद आई बाढ़ से हालात बिगड़ते जा रहे हैं. बाढ़ के पानी ने इतनी भयानक तबाही मचाई है कि खेत, सड़कों, गावों और शहरो में घर बह गए हैं और फसलें बर्बाद हो गई हैं. अफगानिस्तान के प्रांत- बदख्शां, घोर, बगलान और हेरात बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं. CNN की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक बाढ़ ने 300 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है. कई इंटरनेशनल रिलीफ एजेंसी और ग्रुप प्राभावित क्षेत्रों में रिलीफ मैटेरियल जैसे दवाई, खाना, सेफ्टी और इमरजेंसी किट आदी को सप्लाई करने में लगी है.

# टी20 विश्व कप से पहले टॉम मूडी ने टीम इंडिया पर उठाए सवाल!

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप नजदीक आने के साथ ही पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने सवाल उठाया है कि क्या भारत विश्व कप जीतने के लिए उस स्तर का क्रिकेट खेल पाएगा, जो वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए जरूरी है।



टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में निर्धारित है, जबकि आईपीएल 26 मई को समाप्त होगा।

आईपीएल 2024 के लिए आधिकारिक टीवी ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट विशेषज्ञ और कमेंटेटर टॉम मूडी ने बताया, ऑस्ट्रेलिया ने ऐतिहासिक रूप से इन आईसीसी प्रतियोगिताओं में बहुत प्रदर्शन किया है क्योंकि वे बड़े टूर्नामेंट अच्छा खेलते हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत को एक बहुत मजबूत टीम मिली है और उनके पास बहुत सारे मैच विनर हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वे इस टीम को इतने कम समय में स्टेबल बना सकते हैं। आईपीएल के तुरंत बाद वर्ल्ड कप का आगाज होना है और टीम के पास तैयारियों के लिए ज्यादा समय नहीं होगा। आईपीएल के लीग चरण के समापन के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों का पहला बैच अमेरिका के लिए रवाना होगा। नॉकआउट चरण में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ी आईपीएल 2024 फाइनल के बाद टीम में शामिल होंगे।

# भूकंप से दहला मेक्सिको-ग्वाटेमाला बॉर्डर!

नई दिल्ली। मेक्सिको और ग्वाटेमाला के बॉर्डर के पास भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. 6.4 तीव्रता वाले इन झटकों के आते ही लोग घबरा गए थे. आनन-फानन वे घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों का रुख करने लगे थे.

यूनाटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के हवाले से न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में बताया गया कि यह भूकंप जमीन की गहराई से 47 मील (75 किमी) नीचे था. हालांकि, अच्छी बात यह रही कि इन झटकों के चलते फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है. मेक्सिको की नेशनल सिविल प्रोटेक्शन एजेंसी की ओर से सोशल मीडिया पर बताया गया कि वह भूकंप के झटकों से जुड़ी स्थिति पर नजर बनाए है लेकिन शुरुआती तौर पर किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी नहीं मिली. इस बीच, ग्वाटेमाला के आपदा प्रबंधन विभाग ने उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि मेक्सिको के साथ बॉर्डर वाले स्थानों - क्वेटजाल्टेनैंगो और सैन मार्कोस में - पर कुछ इमारतों को नुकसान (लैंडस्लाइड भी शामिल, जिसकी वजह से एक सड़क बाधित हुई) पहुंचा है.

समाचार एजेंसी एसोसिएट प्रेस (एपी) ने यूएस सुनामी वॉर्निंग सिस्टम और मेक्सिको की नेवी के हवाले से बताया कि अभी किसी सुनामी के आने की खतरा नहीं है. सुचिआत के सिविल डिफेंस एजेंसी से जुड़े अफसर दिदियर सोलैरेस ने बताया, ÷शुक्र है कि सब कुछ ठीक है.

# अमेरिका के समर्थन से भारत ने खरीदा रूसी तेल

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका समेत कई यूरोपीय देशों ने मॉस्को पर कई प्रतिबंध लगाए थे. इनके चलते रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने में सारी दुनिया को तकलीफ हो रही थी. मगर, इन सबके बावजूद भारत आसानी से रूस से लगातार कच्चा तेल खरीदता रहा. इसे लेकर पूरी दुनिया में हैरानी थी. मगर, अब अमेरिका ने खुलासा किया है कि इस डील को लेकर उसका पूरा समर्थन भारत के पास थे. यही वजह थी कि भारत बिना किसी रोकटोक के आसानी से रूस से क्रूड ऑयल खरीदता रहा.



भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा कि हम चाहते थे कि कोई रूसी ऑयल खरीदे ताकि कच्चे तेल के दामों में उछाल न आए. चूंकि भारत हमारा पार्टनर है. दोनों देशों के संबंध बहुत मजबूत हैं. इसलिए हमने भारत को यह डील जारी रखने दी. यह हम दोनों देशों के संयुक्त जीत है. भारत ने कच्चे तेल के दामों को कंट्रोल में रखने में हमारी काफी मदद की. अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा कि रूस और चीन का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है. इस संदर्भ में भारत की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है. पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के बाद भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी थी.

# प्रथम पेज का शेष

***मुंबई में आंधी-तूफान के साथ बारिश....***

जबकि दक्षिण मुंबई के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। ठाणे, अंबरनाथ, बदलापुर, कल्याण और उल्हासनगर जैसे उपग्रह शहरों में भी तेज़ हवाओं के साथ मध्यम बारिश हुई।

घाटकोपर में 100 अन्य के दबे होने की आशंका- मुंबई के घाटकोपर इलाके में सोमवार को तेज बारिश और आंधी के दौरान एक होर्डिंग पेट्रोल पंप पर गिर गई, जिससे 35 लोग घायल हो गए, जबकि 100 अन्य के दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि हादसा अपराह्न चार बजकर करीब 30 मिनट पर छेदानगर जिमखाना के नजदीक हुआ।

उन्होंने बताया कि दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारी ने बताया, 'हादसे में कम से कम 35 लोग घायल हुए हैं, जबकि 100 अन्य लोगों के होर्डिंग के नीचे दबे होने की आशंका है।' उन्होंने बताया कि मौके पर एंबुलेंस भी भेजे गए हैं। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त भूषण गगरानी ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भी मौके पर बचाव कार्य के लिए पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि क्रेन और गैस कटर को भी बचाव अभियान के लिए मौके पहुंचाया गया है। अधिकारी ने बताया, 'घायलों को नगर निगम द्वारा संचालित राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया है।'

***चौथे चरण में लोकसभा की 96....***

आल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन के मौजूदा असदुद्दीन ओवैसी , बिहार के बेगुसराय से गिरिराज सिंह, उजियारपुर से केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी, कन्नौज से समाजवादी पार्टी से अखिलेश यादव, उन्नाव से साक्षी महाराज, मुंगेर से जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, झारखंड के खूंटी से अर्जुन मुंडा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बहरामपुर से अधीर रंजन चौधरी और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान, कृष्णा नगर से महुआ मोइत्रा सहित कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में दर्ज हो गयी।

चौथे चरण में 96 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.97 करोड़ पुरुष तथा 8.73 करोड़ महिला मतदाताओं सहित कुल 17.7 करोड़ को मताधिकार प्राप्त था। मतदान के लिये कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र स्थापित किये गये थे। चौथे चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की आठ-आठ, बिहार की पांच, ओडिशा तथा झारखंड की चार-चार और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान कराया गया। इनमें सामान्य श्रेणी की 64, अनुसूचित जनजाति-12, अनुसूचित जाति श्रेणी की 20 सीटें हैं। आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175 सीटों में सामान्य श्रेणी की 139 अनुसूचित जनजाति के लिए सात-सात और अनुसूचित जाति श्रेणी की 29 सीटें हैं। इसी तरह ओडिशा में विधानसभा की जिन 28 सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें में सामान्य श्रेणी की 11, अनुसूचित जनजाति की 14 तथा अनुसूचित जाति तीन सीटें हैं।

आयोग ने इस चरण के चुनाव को सुचारु और शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए 364 पर्यवेक्षकों (126 सामान्य पर्यवेक्षक, 70 पुलिस पर्यवेक्षक, 168 व्यय पर्यवेक्षक) की तैनाती की थी। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया था। इसके साथ ही कुल 4661 उड़न दस्ते, 4438 स्थैतिक निगरानी दल, 1710 वीडियो निगरानी दल और 934 वीडियो देखने वाली टीमें मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए 24 घंटे निगरानी रख रही थीं।

***तब तक तो खत्म हो जाएंगे चुनाव***

तबतक ईडी का जवाब आ जाएगा। 'ईडी को सिर्फ सात दिन जवाब के लिए दे रहे हैं'- ईडी को सिर्फ सात दिन जवाब के लिए दे रहे हैं। दूसरे पक्ष को सुने बगैर आदेश नहीं दिया जा सकता। लेकिन सिब्बल तत्काल सुनवाई की मांग पर अड़ गए। कहा कि उन्होंने ईडी को छह मई को ही याचिका की प्रति दे दी थी। ईडी की ओर से जानबूझकर कोई पेश नहीं हुआ है। सिब्बल ने कहा कि अगर कोर्ट आज सुनवाई नहीं कर रहा है तो मामले को 17 मई शुक्रवार को सुनवाई पर लगाया जाए।

हाईकोर्ट ने सुनवाई करके आदेश को रखा सुरक्षित - पीठ ने असमर्थता जताते हुए कहा कि वह गर्मी की छुट्टियां शुरू होने से पहले का आखरी कार्यदिवस है उस दिन बहुत केस लगे हैं । उस दिन संभव नहीं है 20 मई की तारीख दे रहे हैं। सिब्बल ने कहा कि उनका केस देखा जाए तो इस मामले में वह पहले सुप्रीम कोर्ट आए थे फिर उन्हें हाई कोर्ट भेजा गया। हाई कोर्ट ने सुनवाई करके 28 फरवरी को आदेश सुरक्षित रख लिया।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सिब्बल से पूछे कई सवाल- मार्च बीत गया अप्रैल बीत गया हाई कोर्ट ने आदेश नहीं दिया। जब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस बारे में याचिका दाखिल की तो हाई कोर्ट ने तीन मई को आदेश दिया और याचिका खारिज कर दी। अब उनकी याचिका पर अगर लंबी तारीख दी जाएगी तो तब तक चुनाव हो जाएंगे। पीठ ने कहा कि वह सबसे नजदीक की तारीख दे रहे हैं। लेकिन सिब्बल ने कहा कि ऐसा है तो वह अपनी याचिका वापस लेते हैं कोर्ट उसे खारिज घोषित कर दे। अंत में कोर्ट ने उनकी जिद को देखते हुए 17 मई की तिथि तय कर दी लेकिन साथ ही कहा कि हो सकता है कि उस दिन उनके केस की सुनवाई का नंबर न आए। लेकिन सिब्बल ने कहा कि वह चांस लेंगे। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सिब्बल से पूछा कि क्या सोरेन के कब्जे में जमीन है। सिब्बल ने इससे इनकार किया।

***विशेष अदालत ने एच. ...***

वह इस समय किसी अज्ञात देश में रह रही है। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि पीड़िता को विधायक के आदेश का पालन करते हुए उनके सहयोगी 29 अप्रैल को उसके घर से जबरन उठा कर ले गये। महिला ने आरोपी के घर पर छह साल तक काम किया था। पीड़िता को पांच मई को उसके निवास से 40 किमी दूर स्थित एक खेत में पाया गया था, जिसका मालिक श्री रेवन्ना का एक सहयोगी था।

***काशी में मोदी के रोड शो में ...***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में पूरी काशी भगवामय रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं केसरिया रंग का कुर्ता पहने रहे तो उनके बगल में योगी आदित्यनाथ भगवा कपड़े में दिखे। केसरिया वाहन पर दोनों नेता सवार रहे तो पीले गेंदे की माला इसमें चार चांद लगा रही थी। पूरे रास्ते जहां महिलाएं भगवा रंग में रहीं तो केसरिया साफा, टोपी और केसरिया गमछा डाले लोग भी काशी की सड़कों पर दिखा। जहां तक नजर गई, सड़कें भगवा और भाजपा के झंडे से सजी दिखीं। भगवा गुब्बारा और भगवा कपड़ों से रास्ते अलग ही अनुभूति का आनंद करा रहे थे। मोदी भी गले में गमछा डाल काशी की स्टाइल में दिखे।

***ईवीएम-वीवीपैट विवाद पर 26 अप्रैल...***

वर्णन किया गया है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा कि यह कहना सही नहीं है कि परिणाम में अनुचित रूप से देरी होगी या सभी वीवीपैट की गिनती के लिए पहले ही तैनात लोगों से दोगुनी की आवश्यकता होगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर 26 अप्रैल को फैसला सुनाया था।

***इंडिया की सरकार बनते ही...***

गरीब परिवार की महिलाओं के खाते में आएंगे इतने पैसे- सोनिया गांधी के इस वीडियो संदेश को एक्स पर अनुमोदित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए विपक्षी आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनते ही इस योजना को लागू किए जाने का एलान करते हुए कहा कि एक जुलाई 2024 को सुबह-सुबह गरीब परिवार की महिलाएं जब अपना अकाउंट चेक करेंगी तो उसमें 8500 रुपए आ चुके होंगे।

हर महीने की पहली तारीख को पैसे देने का किया वादा- आइएनडीआइए की सरकार में ऐसा हर महीने की पहली तारीख को होगा और ये है आपके एक वोट की ताकत। राहुल ने कहा कि गरीब परिवारों की महिलाएं याद रखें की उनका एक वोट उन्हें सालाना एक लाख रूपए उनके खाते में लाएगा। उनके मुताबिक कांग्रेस की महालक्ष्मी योजना भयंकर महंगाई और बेरोज़गारी के बीच संघर्ष कर रही महिलाओं के लिए संजीवनी साबित होने जा रही है। हर महीने बैंक खातों में सीधा 8500 रुपए आने से भारत की महिलाएं आर्थिक निर्भरता से मुक्त हो कर खुद अपने परिवार की तकदीर लिखेंगी।

# दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन कैसी है?

## एक कोने से दूसरे कोन तक जाने में ही लग जाएंगे कई घंटे



आज के दौर में अधिकांश लोग ट्रेन से सफर करना पसंद करते हैं.लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन कौन सी है और उस ट्रेन में कितने कोच लगे हुए है.जानिए दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन कौन सी है.

भारत में आज अधिकांश लोग ट्रेनों से सफर करते हैं. यात्रियों के अलावा सामान को भी एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए ट्रेन का इस्तेमाल होता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत और दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन कौन सी है और इसमें कितने कोच लगे हुए हैं.

### दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन

बता दें कि द ऑस्ट्रेलियन बीएचपी आयरन ओर दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन है. यह ट्रेन जून 2001 में चलाई गई थी और इसकी लंबाई करीब 4.6 मील यानी 7.353 किमी थी. यह दुनिया के इतिहास की अब तक की सबसे लंबी ट्रेन थी. पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के पीलबारा इलाके में बीएचपी की अपनी प्राइवेट रेल लाइन है. इसे माउंट न्यूमैन रेलवे कहा जाता है. बता दें कि इस रेल नेटवर्क को आयरन ओर यानी लौह अयस्क के ट्रांसपोर्टेशन के लिए डिजाइन किया गया है. बीएचपी उस इलाके में एक और रेल लाइन को ऑपरेट करती है, जिसे द गोल्ड्सवर्थी रेलवे कहा जाता है. द ऑस्ट्रेलियन बीएचपी आयरन 7.3 किमी लंबी थी. ये लंबी रेलगाड़ी के साथ दुनिया की सबसे लंबी और भारी मालगाड़ी थी. इस ट्रेन में 682 डिब्ल लगे थे, जिसे खींचने के लिए आठ मजबूत जनरल इलेक्ट्रिक एसी 6000 सीडब्लू डीजल लोकोमोटिव लगाए गए थे. इस ट्रेन ने पश्चिम ऑस्ट्रेलिया में यांडी माइन से पोर्ट हेडलैंड का 275 किमी का सफर 10 घंटे चार मिनट में पूरा किया था. हालांकि रास्ते में चढ़ाई के दौरान एक कॉपलर ट्रेन से निकल गया था, इस कारण इस ट्रेन यात्रा में चार घंटे 40 मिनट की देरी हुई थी. उस दौरान इस ट्रेन में 82,000 टन आयरन ओर भरा था. यह ट्रेन इतनी लंबी थी कि इसमें 24 एफिल टावर फिट हो सकते थे. क्योंकि एफिल टावर की लंबाई 300 मीटर है. वहीं इस ट्रेन का वजन करीब एक लाख टन था.

### आज भी चलती है ये ट्रेन

बता दें कि आज भी बीएचपी आयरन ओर ट्रेन चलती है. इसमें 270 डिब्बे लगे हुए हैं, जिन्हें चार डीजल लोकोमोटिव इंजन खींचते हैं. यह ट्रेन करीब 38,000 टन लौह अयस्क लेकर जाती है. हालांकि पहले सबसे लंबी ट्रेन का रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका के पास था. वहां 1991 में 71,600 टन वजन वाली ट्रेन चलाई गई थी. यह ट्रेन साइशेन से साल्डान्हा के बीच चली थी और इसमें आयरन ओर भरा था. वहीं इसमें 660 वैगन थे और इसकी लंबाई 7,200 मीटर थी. इसे खींचने के लिए नौ इलेक्ट्रिक और सात डीजल लोकोमोटिव इंजन लगाए गए थे.

### भारत की सबसे लंबी ट्रेन

भारतीय रेलवे ने साल 2022 में 15 अगस्त के दिन देश की सबसे लंबी और सबसे भारी ट्रेन चलाने की उपलब्धि हासिल की थी. इसे सुपर वासुकी नाम दिया गया था. बता दें कि ये 3.5 किलोमीटर लंबी इस मालगाड़ी को खींचने के लिए एक दो नहीं बल्कि पूरा पांच इंजन लगाए गए थे. इस ट्रेन के 295 डिब्बों में 27,000 टन कोयला भरा था. यह छत्तीसगढ़ के कोरबा से नागपुर के लिए चली थी और इसने 267 किलोमीटर का सफर 11 घंटे 20 मिनट में पूरा किया था. इससे पहले रेलवे ने एनाकोंडा और शेषनाग जैसी ट्रेनें भी चलाई थी.



# नींद पूरी न होने पर बच्चे की मेंटल हेल्थ हो सकती है खराब

हाल ही में हुए एक रिसर्च के मुताबिक बचपन में नींद पूरी न होने के कारण बच्चे जब बड़े होते हैं तो उनकी मेंटल हेल्थ पूरी तरह से खराब हो जाती है. इसके कारण साइकोसिस का खतरा बढ़ जाता है.

बच्चों की मेंटल हेल्थ के लिए पर्याप्त नींद बेहद जरूरी है. हाल ही में हुए रिसर्च के मुताबिक बचपन में नींद पूरी न होने के कारण वहीं बच्चे जब बड़े होते हैं तो उनके दिमाग पर बुरा असर होता है. खासकर साइकोसिस की बीमारी का खतरा बढ़ता है.

ब्रिटने में हुई एक खास तरह की रिसर्च

यह रिसर्च ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ बर्मिंघम के रिसर्चर ने किया था. इस रिसर्च में 12 हजार बच्चों को शामिल किया गया है. और उनके स्लीपिंग पैटर्न पर नजर रखी गई. रिसर्चर ने इस खास तरह के रिसर्च में 6 महीने से लेकर 7 साल की उम्र वाले बच्चों को शामिल किया और उनकी नींद पूरी होने की अवधि पर खास ध्यान दिया. इसके बाद फिर 24 साल में उनके मेंटल पर हेल्थ पर क्या असर होता है इसका भी मूल्यांकन किया.

रिसर्च में हुआ खुलासा

इस रिसर्च के जो रिजल्ट थे वो बेहद चौंकाने वाले थे. रिसर्चर ने पाया कि जो बच्चे लगातार कम सोते थे. वह जब बड़े हुए या यूं कहें कि जब वह अपने यंग एज में पहुंचे तो उनमें साइकोसिस बीमारी का खतरा चार गुना बढ़ गया था. साइकोसोटिक ऐसी बीमारी है जिसमें व्यक्ति का वास्तविकता से ध्यान हटकर भ्रम पैदा होने लगता है.

इस रिसर्च में नींद की कमी और साइकोसिस के बीच सीधा कारण को साबित किया गया है. इस दोनों के बीच का लिंक साबित किया गया है. इस रिसर्च में यह कहा गया है कि बच्चे की रात की नींद पूरी होनी चाहिए. अगर बच्चे को नींद से जुड़ी कोई समस्या हो रही है तो उन्हें डॉक्टर को जरूर दिखवाना चाहिए.

साइकोसिस की रोकथाम के लिए शुरुआत में ही महत्वपूर्ण कदम उठानी चाहिए.

बच्चे को अच्छी नींद के लिए अपनाएं यह खास टिप्स

बच्चों को रोजाना एक निश्चित समय पर सुलाएं और जगाएं.

सोने से पहले टीवी या मोबाइल न दिखवाएं. कम से कम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल करें.

### सोने से पहले शांत वातावरण बनाएं

रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें. यह अच्छी नींद के लिए फायदेमंद है.

एक बच्चे के लिए अच्छी नींद न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है बल्कि बच्चे की मेंटल हेल्थ के लिए भी महत्वपूर्ण है. माता-पिता को बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है कि उनकी आदतों का खास ध्यान रखें. ताकि बच्चे अच्छी नींद ले.

# सैटेलाइट फोन क्या है, क्यों यह बहुत महंगा होता है?

सैटेलाइट फोन दिखने में तो बड़ा बेसिक सा फोन होता है, लेकिन ये फोन दूर-दराज क्षेत्रों, जंगलों, जमीन, हवा, पानी हर जगह के लिए काफी मददगार साबित होता है. आइए इस फोन के बारे में जानते हैं.

अक्सर हम एक फोन का जिक्र बड़ा सुनते हैं, जो कि दिखने में बड़े सिंपल से होते हैं लेकिन कीमत बहुत ज्यादा होती है. हम सैटेलाइट फोन की बात कर रहे हैं. इस फोन का डिजाइन भी बच्चे के खिलौने की तरह लगता है. बेसिक से दिखने वाले इस फोन में एक एंटीना निकला होता है, जिसमें कुछ बटन होते हैं और छोटी सी स्क्रीन होती है.आइए जानते हैं कि एक स्मार्टफोन और सैटेलाइट फोन में क्या अंतर होता है और ये फोन नॉर्मल फोन से क्यों इतने महंगे



होते हैं.

सैटेलाइट फोन का सीधा-सीधा मतलब यह है कि ये इस फोन का कनेक्शन सैटेलाइट से होता है. जब भी कोई इस फोन का इस्तेमाल करके कॉल करता है तो कॉल सीधे सैटेलाइट से होता है. सैटेलाइट से कनेक्टेड होने के बाद ही इससे कॉल किया जाता है. इस फोन की सबसे बड़ी खासियत ये होती है कि इस तकनीकी उपकरण से आप किसी भी जगह पर कॉल पर बात कर सकते हैं, चाहे वहां नेटवर्क की कितनी ही प्रॉब्लम क्यों न हो.

कैसे काम करते हैं सैटेलाइट फोन?

इस फोन में आवाज और डेटा को सैटेलाइट के माध्यम से भेजा जाता है. यही वजह है कि इसे किसी भी जगह पर नेटवर्क की जरूरत नहीं होती है और इसका इस्तेमाल किसी भी दूरदराज क्षेत्र जंगलों और समुद्र और कहीं पर भी किया जा सकता है. चाहे वह सहारा मरूस्थल हो या एवरेस्ट की चोटी या फिर अफ्रीका के कोई घना जंगल. मतलब, यह जमीन, हवा या पानी में कहीं भी संकेत पकड़ सकता है.

सेटेलाइट के जरिए इस्तेमाल होने वाला खर्च भी सेल्युलर फोनों की अपेक्षा कहीं अधिक होता है.

आम जनता नहीं कर सकती इस्तेमाल

सेटेलाइट फोन को भारत में आम जनता के लिए प्रतिबंधित किया गया है. इंडियन वायरलेस टेलीग्राम एक्ट 1933, सेक्शन सिक्स ऑफ इंडियन वायरलेस एक्ट आदि के अंतर्गत सख्त कानून बनाए गए हैं. इसके साथ दुनिया में और भी कई देश है जिनमें इस प्रकार के फोनों का इस्तेमाल करना असंवैधानिक माना जाता है. भारत में भी केवल द्वठ्ठद्वड्डह्म्ह्यड्डह्ल की ओर से दी जाने वाली सेटेलाइट सर्विसिस को ही मान्यता प्राप्त है. इसका इस्तेमाल भी सरकार द्वारा दिए कुछ नियम और कानून की मान्यता प्रदान करने बाद ही जाकर आप इसके लायक बनते हैं.

अगर सैटेलाइट फोन की कीमत की बात करें तो ये बेसिक से दिखने वाले फोन 3 हजार डॉलर तक के होते हैं. बाजार में अलग अलग कंपनियों के सैटेलाइट फोन मिलते हैं और ये 3000 डॉलर तक के मिलते हैं. अगर भारतीय करेंसी के हिसाब से देखें तो इसकी रेट करीब ढाई लाख रुपये है.



# उड़ने वाली टैक्सी देखी है?

## भारत में अगले साल हो सकती है लॉन्च!

**क्या आपने कभी उड़ने वाली टैक्सी की कल्पना की है? एक ऐसी टैक्सी जो हवा में उड़ाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाए. जी हां, एक ऐसी ही टैक्सी आने वाले समय में इंडियन मार्केट में देखने को मिल सकती है. देश के बड़े उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने एक ऐसी ही उड़ने वाली टैक्सी की झलक दिखाई है. साथ ही बताया कि इस टैक्सी को IIT मद्रास के छात्रों ने बनाया है.**

महिंद्रा ग्रुप के साईओ आनंद महिंद्रा अक्सर ही सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और देश-दुनिया से जुड़ी कई चीजों के बारे में लोगों के साथ जानकारी को शेयर करते हैं. अब आनंद महिंद्रा ने भारत में लॉन्च होने वाली टैक्सी को लेकर बताया है. आनंद महिंद्रा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस टैक्सी से जुड़ी और भी जानकारी साझा की हैं. साथ ही इस टैक्सी के फीचर्स के बारे में भी बताया है. आनंद महिंद्रा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी कि इस फ्लाइंग इलेक्ट्रिक टैक्सी को आईआईटी मद्रास ने इनक्यूबेट किया है. इसके साथ ही आनंद महिंद्रा ने आईआईटी मद्रास की तारीफ करते हुए लिखा कि यहां दुनिया के मोस्ट एक्साइटिंग और एक्टिव इनक्यूबेटर्स बन रहे हैं.

हमें आईआईटी मद्रास का धन्यवाद करना चाहिए, यहां पूरे भारत से तेजी से इनक्यूबेटर्स सामने आ रहे हैं. आनंद महिंद्रा ने आगे कहा कि हमारे देश में आने वाले समय में इनोवेटर्स की कोई कमी देखने को नहीं मिलने वाली है.

### ईप्लेन कंपनी करेंगी फ्लाइंग टैक्सी का निर्माण

चेन्नई की एक स्टार्ट-अप कंपनी है-ईप्लेन, जो कि इन फ्लाइंग टैक्सी के प्रोडक्शन का काम कर रही है. साल 2023 में 23 मई को विमान सेक्टर के रेगुलेटर डीजीसीए ने इस फ्लाइंग टैक्सी को बनाने की अनुमति दे दी थी. छ्त्रष्ट्र से परमिशन मिलने के बाद इस इलेक्ट्रिक टैक्सी का निर्माण कार्य जारी है.

### फ्लाइंग इलेक्ट्रिक टैक्सी के फीचर्स

ये व्हीकल भारत की पहली इलेक्ट्रिक टैक्सी बन सकता है. इस टैक्सी में दो लोगों के बैठने की सुविधा होगी. ये फ्लाइंग टैक्सी सिंगल चार्जिंग में 200 किलोमीटर की दूरी तय कर सकेगी. इसे पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बनाया गया है. कंपनी ने इस फ्लाइंग टैक्सी की कीमत के बारे में अभी कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन उम्मीद जताई जा रही है इस टैक्सी से सफर करना अफोर्डेबल हो सकता है.

# कहां है ओम पर्वत, जहां पहाड़ियों से खुद ही बन जाता है ?

हमारे देश में कई ऐसी जगह मौजूद है, जो आपको आश्चर्य में डाल देती हैं. वहीं कुछ जगहें ऐसी भी मौजूद हैं जो नास्तिकों को भी भगवान के होने का साक्ष्य देती हैं. इन्हीं में से एक है उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मौजूद ओम पर्वत. जो शिवशक्ति के साक्ष्य को साफ-साफ दिखाती है.

### कहां है ओम पर्वत?

ओम पर्वत पिथौरागढ़ जिले से 170 किलोमीटर दूर नाभीढांग स्थित है. इस पर्वत को हिंदु धर्म के लोग बेहद खास मानते हैं. कहा जाता है इस पर्वत का सीधा कनेक्शन हिंदु देवता भगवान शिव से है. कहा जाता है इस पर्वत पर कोई भी भगवान शिव की उपस्थिती और आशिर्वाद महसूस कर सकता है. ओम पर्वत के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व का वर्णन महाभारत, रामायण एवं वृहत पुराण, जैसे ग्रंथों में मिलता है.

कैलाश मानसरोवर जितना ही है महत्व

ओम पर्वत यात्रा महज एक जगह की यात्रा नहीं है, बल्कि ये यात्रा अपने आप में बहुत से धार्मिक तीर्थों को समेटे हुए है. कहा जाता है कि स्कंद पुराण के मानस खंड में आदि कैलाश एवं ओम पर्वत की यात्रा को कैलाश मानसरोवर यात्रा जितना ही महत्व दिया गया है. इस स्थान पर पहुंचकर मनुष्य शून्य हो जाता है और शिव शक्ति का उसे आभास होता है.

### हर साल बनती है ओम आकृति

ये पर्वत भारत और तिब्बत की सीमा पर आज भी देखा जा सकता है, जहां हर साल बर्फ से ओम की आकृति बन जाती है. वहीं हिमालय में ओम पर्वत को विशेष स्थान माना जाता है. जिसे आदि कैलाश या छोटा कैलाश के नाम से भी जाना जाता है. इस पर्वत की ऊंचाई समुद्र तल से 6,191 मीटर यानी 20,312 फीट की ऊंचाई पर है. खास बात ये है कि जब इस पर्वत पर सूर्य की पहली किरण पड़ती है तो ओम शब्द आपको अलग ही चमकता हुआ नजर आएगा. जो देखने में बहुत अद्भुत लगता है.



# छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर, मारे गए नक्सलियों में 2 महिलाएं भी

## बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट से 2 बच्चों की मौत



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्र में सोमवार दोपहर बारह बजे के आसपास में मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को देर करने में जवानों को सफलता हासिल हुई है। घटनास्थल भामरागढ़ थाना क्षेत्र का है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से तीन ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिसमें एक-47 एक करबाइन और एक इंसास समेत कई विस्फोटक सामग्री बरामद किये गए हैं।

### हेलीकॉप्टर के जरिए गढ़चिरौली ले जाया गया

ढेर किए गए तीनों नक्सलियों की शिनाख्तती कर ली गई है। जिसमें डीवीसी मेंबर और पेरिमीली कमांडर वासु समर कोरचा जिस पर सोलह लाख का इनाम घोषित था, पेरीमिली दलम सदस्य रेशमा मरकाम जिस पर चार लाख रुपए का इनाम था, पेरीमिली दलम सदस्य कमला मण्डावी जिस पर दो लाख रूपये का इनाम था।

कुल तीन नक्सलियों को जवानों ने ढेर किया है। ऐसे में कुल 22 लाख रुपए के तीन नक्सली इस मुठभेड़ में ढेर हुए हैं। ढेर हुए तीनो नक्सलियों के शव को हेलीकॉप्टर के जरिए गढ़चिरौली ले जाया गया है। गौरतलब है कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार जवानों को सफलता हासिल होते जा रही है। इसके पहले भी कांकेर जिले के हिदुर के जंगलो मे 29 नक्सलियों को और टेकामेटा के जंगलों में 10 नक्सलियों को जवानों ने ढेर किया था और अब या तीसरी सफलता गढ़चिरौली के भामरागढ़ इलाके में जवानों को तीन नक्सलियों को ढेर करने में सफलता हाथ लगी है।

# तुषार चन्द्राकर का सुयश



राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम पार्रीकला निवासी तुषार चन्द्राकर ने सीबीएससी परीक्षा के तहत कक्षा दसवीं में 84 प्रतिशत अंक पाकर नगर को गौरावन्वित किया है। तुषार पिता पप्पू चन्द्राकर गायत्री स्कूल का मेधावी छात्र है। तुषार की इस उपलब्धि पर उनके घर परिवार के लोगों सहित ईष्ट मित्रों ने उसके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।

# आज से श्री जलाराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव




राजनांदगांव(दावा)। शहर के कंचन बाग गुजराती कालौनी स्थित श्री जलाराम मंदिर में 14 मई मंगलवार को भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। श्री जलाराम सत्संग सेवा समिति, श्री लोहाणा महाजन, श्री लोहाणा महिला मंडल एवं श्री लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित उक्त प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव कल मंगलवार 14 मई की प्रातः 9.30 बजे जलाराम मंदिर कैलाश नगर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे श्री जलाराम बाबा का जलाधिवास व 7 बजे दीपोत्सव तत्पश्चात श्री गणेश शंकर मिश्रा द्वारा संध्या 7.20 बजे से सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया है।

इसके अगले दिन बुधवार 15 मई की सुबह 8 बजे से मंडप पूजन, देवता पूजन तत्पश्चात 10:30 बजे से अन्नाधिवास दोपहर 12.30 बजे फलाधिवास, वही 4 बजे फुलाधिवास का कार्यक्रम आयोजित है। इसके बाद संध्या 6 बजे से शयनाधिवास के पश्चात 6.30 बजे श्री लोहाणा महापरिषद रायपुर व श्री लोहाणा महाजन के संयुक्त तत्वावधान में वैवाहिक वर्षगांठ के स्वर्ण जयंती के 20 जोड़ों का सम्मान, रात्रि में 8 बजे से रास गरबा एवं भजन का कार्यक्रम आयोजित है।

कार्यक्रम की अगली तिथि में गुरूवार 16 मई को सुबह 10.15 से मंडप पूजन, देवता पूजन के साथ 11.15 बजे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि विधान से सम्पन्न किया जाएगा। इसके बाद 12.30 बजे यज्ञ हवन एवं पूर्णाहूति का कार्यक्रम आयोजित है। तत्पश्चात एक बजे से अन्नकूट, महाआरती व दोपहर 1.00 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) कार्यक्रम किया जाएगा।

# डॉ. जे.बी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सी.बी.एस.ई. बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं के नतीजे घोषित



राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार आज सी.बी.एस.ई बोर्ड ने 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है - जो इस प्रकार हैं - कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसमें प्रथम स्थान पर राजहर्ष बाफना द्वितीय स्थान पर सिद्धि ठाकुर तृतीय स्थान पर अनुग्रह कुलदीप रहे। कक्षा 12 वीं में विज्ञान संकाय( गणित) में दीक्षा सोनटेके- प्रथम, योगेंद्र कोरेटी- द्वितीय, विज्ञान संकाय (जीव विज्ञान) में प्रथम - अनन्या गुप्ता, द्वितीय - जयश्री भारद्वाज, तृतीय-आदित्य पाल रहे। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे. बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य श्री अभिषेक खंडेलवाल, (सीबीएसई बोर्ड) प्राचार्य श्रीमती एकता खंडेलवाल, सीजी. बोर्ड प्राचार्य गोपाल साहू, बरसर आई. के. वैष्णव एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बच्चों को ढेर सारी बधाई दी।

# नलों में प्रेशर कम ने बढ़ाया वार्डवासियों की मुसीबत

राजनांदगांव (दावा)। भीषण गर्मी के दिनों में शहर के कई वार्ड पानी की किल्लत को झेल रहे है। लोग भीषण गर्मी की भारी दोपहरी में गुंडी-बाल्टी, ड्रम आदि लेकर पानी की खोज में निकल रहे है। वही जिन वार्डों में टेंकर पहुंच रही है। उस वार्ड के नागरिक पानी टैंकर का घंटों इंतजार के लिए मजबूर हो रहा है। शहर के आउटर वार्डों में पेयजल संकट की समस्या सबसे ज्यादा बनी हुई है। इन हिस्से के नलों में प्रेशर की कमी के चलते नलों की धार पतली है। या फिर प्रेशर की कमी की वजह से पानी आना ही बंद हो गया है। इसके चलते लोगों को अब टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। पीने के पानी के लिए लोग टैंकर का सुबह से दोपहर तक इंतजार कर रहे है। बताया जाता है कि अमृत मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन में ऐसी दिक्कत बनी हुई है वही निगम के जानकार लोगों का कहना है कि पुरानी पाईप लाईन बंद नहीं की गई है इसलिए अमृत मिशन वाले पाइप लाइन में प्रेशर डाउन बना हुआ है जानने में आ रहा है कि निगम पुरानी लाइन को बंद करने के लिए कवायद में जुट गया है।

# शिक्षिका कोनिका सोनी को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 11 मई को रायपुर में कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य स्तर के शिक्षकों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित अतिथि मीर अली मीर वरिष्ठ साहित्यकार और नंदा जा ही का रे गीत के गायक, आरपीएफ राजनांदगांव प्रभारी व मशहूर पंडवानी गायिका तरुणा साहू, पावन डहरिया, चंद्रशेखर परघनिया, तारेंद्र चंद्राकर सहित साहित्य व कला के क्षेत्र में महारत रखने वाले महामहिम राष्ट्रपति से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक परसराम साहू और अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ शिक्षा कला अकादमी के सदस्यों का शपथ ग्रहण के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों का शाल, श्रीफल, मोमेंट भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं इस सम्मान समारोह में उपस्थित छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले छत्तीसगढ़ के चयनित 91 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। जिसमें राजनांदगांव जिले के एक शिक्षक व एक शिक्षिका शामिल है। बता दें की ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला की शिक्षिका कोनिका सोनी को उत्कृष्ट शिक्षकीय कार्य हेतु सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। ज्ञात हो कि श्रीमती सोनी द्वारा स्कूल तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार नवाचारी शिक्षिका के रूप में कार्यरत है।

विगत दिनों ग्राम चिचदो के प्राथमिक शाला में हुए न्योता भोजन के दौरान उनके द्वारा बनाए गए विभिन्न नवाचार की सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उपस्थित अतिथियों ने जमकर तारीफ की थी। उनके द्वारा बच्चों को गणित, हिंदी व अंग्रेजी जैसे विषयों को सरलता से समझने के लिए विभिन्न प्रकार के टीएलएम का निर्माण कर बच्चों में भौतिक विकास किया जा रहा है। श्रीमती सोनी को उत्कृष्ट शिक्षा सेवा हेतु सम्मानित होने पर अधिकारियों व शिक्षक साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नगर निगम एवं यातायात विभाग द्वारा नो पार्किंग एवं अतिक्रमण पर कार्यवाही





राजनांदगांव (दावा)। आज दिनांक 13 मई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात निरीक्षक अजय खेस, नवरतन कश्यप, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, कमल किशोर श्रीवास्तव, थानेश्वर प्रसाद बांधव एवं नगर निगम के सब इंजीनियर अनुप पांडे, डागेश्वर एवं दिलीप गोस्वामी की उपस्थिति में शहर के जय स्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखू लाईन, आजाद चौक, भारत माता चौक, कामठी लाइन, सिनेमा लाईन, मानव मंदिर, फौव्वारा चौक में रोड पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायी पर कार्यवाही कर रोड पर रखे फ्लैक्स को हटाने एवं जप्ती की कार्यवाही की गयी।

साथ ही शहर के भीतर अव्यवस्थित नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही किया गया। यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगा। शहर के सभी व्यवसायी से अपील है कि रोड के बाहर सामान न लगाये एवं सभी वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात नियमों का पालन करे एवं असुविधा से बचे।




# सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों का लिया जायजा



राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्रामों में चले रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया।

उन्होंने ग्राम खैरझिटी, बरबसपुर, बघेरा, जोरातराई में घर-घर कचरा संग्रहण कार्य एवं अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन कार्य का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने शौचालय, सामुदायिक सोखता गड्ढा, स्वच्छता, श्रमिकों से संबंधि कार्य सहित विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान सहायक परियोजना अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

## बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और उसके आंकलन के लिए 22 मई तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार

**राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने वजन त्यौहार के पहले दिन आज राजनांदगांव शहर के शंकरपुर वार्ड, कन्हारपुरी वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम सुंदरा के आंगनबड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया।**



कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार और उसके आंकलन के लिए आज 13 मई से आगामी 22 मई तक सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 6 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों का वजन लिया जाएगा और उनके वास्तविक वजन आंकलन तथा पोषण स्तर का आंकलन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वयं बच्चों का वजन और ऊंचाई ली। उन्होंने बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे का वजन अचानक कम होता है तो उस पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए गरम भोजन प्रदाय की भी स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों की पोषण स्थिति का अवलोकन करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से बच्चों की स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों में समय-समय पर पालकों का काउंसलिंग करें और घर में भी बच्चों के पोषण का विशेष ध्यान देने कहा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, परियोजना अधिकारी रीना ठाकुर, प्रीत राम खुटेल, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानीन उपस्थित थी।







# अक्षय के भीतर व्यवस्था से लड़ने की छटपटाहट थी- डॉ. दीक्षित

## अक्षय के अंदर बेचैनी व आक्रामकता रही- दीपक बुद्धदेव

राजनांदगांव (दावा)। अक्षय तृतीया पर्व के ठीक दूसरे दिन बाद 12 मई को प्रेस क्लब भवन के उपरी हाल में शहर के प्रखर एवं जुझारू पत्रकार रहे अक्षय ठाकुर की पुण्यतिथि पर अक्षय स्मृति समागम का आयोजन किया गया। स्व. विद्याभूषण ठाकुर स्मृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित उक्त स्मृति समागम कार्यक्रम में शहर के राजनीतिज्ञ, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ताओं व अक्षय के साथी गणों की? खास तौर पर उपस्थिति रही।

शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दीक्षित ने अक्षय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अक्षय के साथ अपने ?संबंधो का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अक्षय के भीतर व्यवस्था से लड़ने की छटपटाहट थी । इसके पूर्व अक्षय के लघु भ्राता डॉ. प्रियांक ने स्मृति समागम को संबोधित करते हुए कहा मेरे बड़े भाई अक्षय के साथ कुछ असहमतियां भी थी। इसके पूर्व राजनीतिक, पत्रकारिता के क्षेत्र में इस शहर में उसने एक मुकाम हासिल किया कृषक युग के संपादक के रूप में निर्भिक पत्रकारिता करते हुए अखबार की लोकप्रियता बढाई। हमें स्वर्गीय विद्याभूषण जी एवं अक्षय की विरासत को बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना होगा। पूर्व सांसद अशोक शर्मा ने बताया कि अक्षय की संपादकीय कार्यकाल में कृषक युग की प्रतीक्षा पाठकों को रहती थी।



दैनिक दावा के प्रधान संपादक दीपक बुद्धदेव ने अक्षय के निधन पत्रकारिता जगत की क्षति बताते हुए तत्कालीन प्रशासन द्वारा उसे प्रताड़ित करने का भी उन्होंने उल्लेख किया और प्रखर के अंदर की बेचैनी एवं आक्रामकता की चर्चा की। इस दौरान जिले के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने भी सभा को संबोधित करते हुए प्रखर को एक ऊर्जावान पत्रकार एवं जागरूक युवा नेता बताया। पूर्व महापौर अजीत जैन ने कहा कि व्याचारिक भिन्नता के बावजूद उनसे संबंधित समाचार कृषक युग में प्रमुखता से छपते थे।

पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने उनके साथ किए गए आंदोलनों को याद किया। अक्षय के बचपन के साथी आनंद सारथी ने जहां उनकी बचपन की सोच को उजागर किया। वहीं सुदीप ठाकुर ने अक्षय के साथ बचपन के पलों को याद किया। उन्होंने कहा जब हम शहर, प्रदेश की राजनीति पर चर्चा करते तो अक्षय की सोच राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर होती थी। उन्होंने बताया कि छात्र युवा मोर्चा का गठन कर संजय अग्रवाल, कुंदन साव के साथ अक्षय ने छात्र राजनीति की शुरुआत की। वह व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष की बातें करते थे। उन्होंने अपनी पुस्तक दस साल जिससे सियासत बदल गई को अपने भाई अक्षय को समर्पित किए जाने की बात कही। ठाकुर परिवार के निकटस्थ सदस्य राकेश इंदुभूषण ठाकुर ने अक्षय की पारिवारिक जीवन का उल्लेख कर उसकी छटपटाहट के संबंध में विचार व्यक्त किये।

इस स्मृति समागम में पार्षद चंपू गुप्ता, किसान नेता सुदेश टीकम, पत्रकार दिनेश नामदेव, सतीश भट्टड़ ने अपने संस्मरणों के माध्यम से अक्षय को याद किया। कार्यक्रम में सुधीर ठाकुर, सतीश कन्नौजे, डॉ. सौरभ महोबे, डॉ सुरभि महोबे, चुन्नी यदू, गिरीश सोनवानी, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, देवेंद्र दुबे, शेखर यादव, जय नारायण सिंह, भोपू सोनी, रोहित सिन्हा, अनिल ठाकुर , योगेश दत्त मिश्रा, स्वाति मिश्रा, श्रीमती बबीता दुबे, मोती यादव, देवेंद्र लाला, दीपक यादव, आत्माराम कोशा ÷अमात्य÷ श्याम सोनी, रूबी गरचा, तथा अन्य गणमान्यों के अलावा विद्या भूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल मेन रोड डोंगरगांव के कर्मचारियों का सहयोग एवं उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अक्षय के सहयोगी रहे संजय अग्रवाल ने किया वहीं अक्षय की बहन श्रीमती शोभिता पाठक ने अपने भाई को याद करते हुए कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com